वर्ष- 21 अंक - 347 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 2 जून 2026

# बेमौसम बारिश से सड़कों पर बाढ़, गिरे पेड़







**मंगलवार.एजेंसी।** कल शाम को इंदौर में आए बवंडर के कारण 200 से ज्यादा पेड़ गिर गए। कई दुकानों, शोरूम, घरों के कांच फूट गए, छतें उड़ गईं। पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बवंडर के कारण इंदौर कई घंटों तक अंधेरे में डूबा रहा। धार में भी कई पेड़ गिर गए। मुरैना सहित कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मध्यप्रदेश सहित 23 राज्यों में आंधी के साथ बारिश हुई। राजस्थान के उदयपुर, पाली, अलवर में सड़कों पर बारिश का इतना पानी भर गया कि बाढ़ जैसे हालात हो गए।

## कर्नाटक में उप मुख्यमंत्री को लेकर घमासान

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक में सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद कल डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया जहां जी परमेश्वर, बीजेड जमीर अहमद खान, केजे जॉर्ज और एमबी पाटिल को उपमुख्यमंत्री बनाने की पैरवी कर रहे हैं। दूसरी ओर, शिवकुमार उपमुख्यमंत्री बनाने के विचार के खिलाफ बताए जा रहे हैं।

## ट्रंप ने नेतन्याहू को सुनाई खूब खरी-खरी



# 'पागल हो चुके हो, मैं न होता तो तुम जेल में होते...'

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति टंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। ट्रंप ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर मैं न होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। इस बीच लेबनान पर इजराइली हमले से नाराज ईरान ने अमेरिका से वार्ता रोक दी और होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की धमकी दी।

## सिग्नेचर फर्जीवाड़ा मामले में तृणमूल के 13 विधायकों के बयान दर्ज

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सिग्नेचर फर्जीवाड़ा मामले की जांच कर रही सीआईडी ने अब तक तृणमूल के 13 विधायकों के बयान दर्ज किए हैं। तीन विधायकों ने कहा है कि 6 मई की बैठक के रजिस्टर में मौजूद सिग्नेचर उनके नहीं हैं। सीआईडी ने तृणमूल सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को नोटिस भेजकर बैठक का रजिस्टर पेश करने को कहा है। मामला विधानसभा में विपक्ष के नेता, उपनेता और चीफ व्हिप की नियुक्ति से जुड़े प्रस्ताव में कथित गड़बड़ी और फर्जी सिग्नेचर के आरोपों से जुड़ा है। दो टीएमसी विधायकों ने दावा किया था कि 6 मई को ऐसी कोई बैठक नहीं हुई थी। उनका कहना है कि उन्होंने रजिस्टर पर 19 मई को सिग्नेचर किए थे।

# बंगाल में भी महाराष्ट्र वाला खेल!

## तृणमूल विधायकों की सीक्रेट मीटिंग से ममता की बढ़ी टेंशन

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में चुनाव हारने के बाद ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में महाराष्ट्र जैसा खेला हो सकता है और ममता का हाल भी उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसा हो सकता है। तृणमूल के कई विधायक सीक्रेट मीटिंग कर अलग पार्टी बनाने पर मंथन कर रहे हैं और कई नेता भाजपा जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ असंतुष्ट नेता 'असली तृणमूल' के नाम पर अलग राजनीतिक मंच बनाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। करीब 15 से 20 विधायक ऐसे नेताओं के संपर्क में हैं, जो पार्टी के भीतर दबाव समूह बनाकर नेतृत्व पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।



## ममता को आया मैसेज, अभिषेक को हटाओ

**कोलकाता.एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उन्हें ऐसा मैसेज मिला था, जिसमें अभिषेक बनर्जी को संगठन से हटाने पर कुछ नेताओं की वापसी की बात कही गई. वर्चुअल संबोधन में उन्होंने इस मैसेज को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पार्टी किसी दबाव में फैसला नहीं लेगी।

## नीट मामले के आरोपी के बंगले पर चला बुलडोजर

**बीड.एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड जनपद में नीट पेपर लीक के आरोपी पीवी कुलकर्णी के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है. बीड नगर पालिका ने बिना अनुमति के बन रहे आलीशान घर पर बुलडोजर चला दिया।



## बुजुर्ग महिला की मौत पर रातभर डांस

**बेगूसराय.एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय जिले में एक बुजुर्ग महिला के श्राद्ध के कार्यक्रम में उसके परिवारजनों ने शांति पाठ की जगह पूरी रात लौंडा डांस का प्रोग्राम रखा। मंच पर मृत महिला की फोटो वाला बड़ा-सा बैनर टंगा था और उसके आगे भोजपुरी डांसर अश्लील डांस कर रही थी।

## दिग्विजय ने मोदी के जवाबदेही मॉडल को सराहा, पहले भी की थी तारीफ

**नईदिल्ली.एजेंसी।** नीट विवाद पर जहां राहुल गांधी प्रधानमंत्री पर हमलावर हैं, वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने परीक्षा प्रणाली सुधारने के लिए पीएम मोदी की जवाबदेही वाले सकारात्मक रुख की सराहना की है। संसदीय समिति की बैठक में दिग्विजय ने कहा कि जब देश का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदारी ले रहा है, तो हमें इसका स्वागत करना चाहिए। पिछले वर्ष उन्होंने भाजपा-आरएसएस की संगठनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए कहा था कि एक साधारण कार्यकर्ता का प्रधानमंत्री पद तक पहुंचना संगठन की ताकत को दर्शाता है।



## न्यूज ब्रीफ...

### यूक्रेन पर मिसाइली हमले से भारी तबाही

**कीव.एजेंसी।** देर रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस की मिसाइलें और ड्रोन मानो कहर बनकर टूटे। रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेनियन राजधानी पर हवाई हमला किया. कीव शहर में कई जोरदार विस्फोट हुए और आसमान में धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। कई घंटों तक कीव में एयर रेड सायरन बजने के साथ रूसी मिसाइलें शहर की ओर आईं। लोगों को भागकर बंकरों में शरण लेनी पड़ी।

### रवीना टंडन की मां के घर 25 लाख की बड़ी चोरी

**मुंबई.एजेंसी।** अभिनेत्री रवीना टंडन की मां के घर से करीब 25 लाख रुपए की कीमती ज्वेलरी और महंगी घड़ियां चुराने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई आरोपी महिला की पहचान 47 साल की राशि छाबड़िया के रूप में हुई है, जो पिछले कई सालों से टंडन परिवार के यहां काम करती थी।

### दिल्ली में 8 जून को इंडिया ब्लॉक की बैठक

**नईदिल्ली.एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के वरिष्ठ नेताओं की 8 जून को दिल्ली में बैठक हो सकती है। बैठक में ममता, उद्धव ठाकरे, अखिलेश और राहुल सभी शामिल हो सकते हैं।

### एक ही परिवार के 7 लोगों की गोली मारकर हत्या

**आयोवा.एजेंसी।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मुस्काटीन शहर में एक ही परिवार के 7 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसमें हमलावर भी शामिल है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद के चलते 52 वर्षीय रायन विलिस मैकफारलैंड ने पहले 6 लोगों की गोली मारकर हत्या की। फिर बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर जान दे दी।

### अमेरिका में अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में आव्रजन कानूनों के तहत चलाए गए एक विशेष अभियान में अवैध रूप से रह रहे 52 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 36 वाणिज्यिक ट्रक चालक थे। इनमें लगभग 30 भारतीय नागरिक शामिल बताए गए हैं जिन्हें जल्द ही निर्वासन दिया जाएगा।

### मोदी सरकार के 12 साल पर देशव्यापी अभियान

**नईदिल्ली.एजेंसी।** भाजपा ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 5 से 21 जून तक देशव्यापी जनसंपर्क अभियान चलाने का फैसला किया है। पार्टी नेता गांवों में जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएंगे और लोगों से संवाद करेंगे। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर को मजबूत करने तथा युवाओं, महिलाओं और कई वर्गों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।



# जल संकट को लेकर झोन कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 2 के वार्ड 23 में आ रहे दूषित पानी और जल संकट के साथ-साथ अनियमित जल प्रदाय का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने निगम झोन 5 पर पहुंचकर वहां नारेबाजी की और झोन पर मौजूद निगम अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में परदेशीपुरा, क्लर्क कॉलोनी, ओल्ड गोरी नगर, क्लर्क कॉलोनी एक्सटेंशन, यशोदा नगर एवं भगवती नगर सहित कई क्षेत्रों में दूषित पानी, जलापूर्ति बाधित होने तथा पानी का निर्धारित समय न होने की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इस परेशानी को लेकर कांग्रेसियों ने रहवासियों के हस्ताक्षर भी कराए थे, इसे भी ज्ञापन पत्र के साथ सौंपा गया। महेश गोहर, अजय चौकसे, सुभाष यादव, राजू भदौरिया, योगेंद्र चौकसे, लोकेश चौकसे, लखन निगम, गजेंद्रसिंह चौहान सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या हल नहीं हुई तो कांग्रेस रहवासियों को साथ लेकर पहले प्रदर्शन करेगी, फिर धरना देंगी।

# महापौर ने सार्वजनिक रूप से पानी पीकर कहा, कहां है जहरीला पानी

## पटवारी की रिपोर्ट पर भार्गव का जवाब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पिछले सप्ताह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा में पानी की रिपोर्ट पेश की थी और उस रिपोर्ट में इंदौर के नगर निगम द्वारा सप्लाय पानी को गलत बताया था और जहरीला तक बोल दिया था। उस वक्त भी महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सामने आकर पटवारी की मीडिया से चर्चा पर जवाब दिया था और कल महापौर ने सुदामा नगर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से पिया पानी, जीतू पटवारी की रिपोर्ट की पोल खोली। पानी की गुणवत्ता को लेकर महापौर कल सुदामा नगर के कई घरों में पहुंचे और हर जगह उन्होंने नल से आ रहा पानी पिया। पटवारी ने यहां तक कहा था कि शहर का लगभग 90 प्रतिशत पानी जहरीला है और खासतौर से सुदामा नगर क्षेत्र के पीने के पानी को गलत बताया था और महापौर ने कल सुदामा नगर के ही कई घरों में पहुंचकर पटवारी के आरोपों को सिरे से खारिज किया और पटवारी के आरोपों का पर्दाफाश किया। सुदामा नगर के रहवासियों से पानी को लेकर महापौर ने राय भी ली।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने दिया मुद्दों पर ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन सौपा। मांग की गई कि नीट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के अनेक विद्यार्थी दूरस्थ क्षेत्रों से परीक्षा देने आते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक एवं परिवहन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री से विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने तथा नीट अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि किसी भी विद्यार्थी को संसाधनों के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।



## माँ सरस्वती से लगाई गुहार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस उद्योग एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविंद बागड़ी ने कल माँ सरस्वती के समक्ष अपने साथियों के साथ माँ का पूजन कर गुहार लगाई कि जीतू पटवारी के खिलाफ बयान देने वाले को माँ सद्बुद्धि दें और अपने बयान पर माफी भी मांगे।



## अहिल्या माता की शरण में पहुंचे कांग्रेसियों ने गाए भजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दिए गए बयान को लेकर शहर कांग्रेस पहले पुतला दहन करना चाह रही थी, लेकिन जीतू पटवारी ने ही प्रदेश के सभी कांग्रेसियों से आह्वान किया था कि वे पुतला नहीं जलाए। शहर कांग्रेस ने पुतला दहन की जगह राजवाड़ा स्थित माता अहिल्या की प्रतिमा के समक्ष बैठकर सद्बुद्धि कीर्तन, भजन का आयोजन किया। चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, शेख अलीम, सादिक खान, इम्तियाज बेलिम, वीरेन्द्र चौहान, निलेश सेन, दीपक मलोरिया रानू सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में ज्यादातर पार्षद नदारद थे, दो पार्षदपति जरूर पहुंचे थे। वहीं ब्लॉक, मंडलम अध्यक्ष, नगर इकाई के ज्यादातर पदाधिकारी भी नदारद थे।

## लोकार्पण और भूमिपूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 59 में 87 लाख से अधिक के विकास कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। जिसमे राम लक्ष्मण बाजार, आडा बाजार एवं साल्वी बाखल में नव निर्मित सीमेंटेड सड़को का लोकार्पण एवं मोतीतबेला में ड्रेनेज लाइनों का भूमिपूजन शामिल है। इस दौरान विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद रूपाली पेंढारकर, अरुण पेंढारकर, दिनेश वर्मा, मनोज परंजिया, बंटी वर्मा, बबलू राठौर, जयंत पांचाल, शिव पाल, सोहन जोशी, सूरज नेकिये, सचिन जोशी, सानू उपाध्याय, लोकेंद्र गुर्जर, सिद्धनाथ माने, राजू कसेरा, भूपेंद्र पुरी, शिवम मोदी उपस्थित रहे।





## कांग्रेस नेता की चारधाम यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर विधानसभा से उम्मीद के साथ उम्मीदवारी जता रहे दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल इन दिनों चारधाम की यात्रा पर है। उन्होंने केदारनाथ बाबा के दर्शन कर वापस नीचे उतरते समय वीडियो वायरल कर बाबा केदारनाथ के जयकारों के साथ दर्शन होने की बात भी कही और कहा कि परिवार के साथ बाबा के अच्छे दर्शन हुए हैं।

## कांग्रेस नेता सद्दाम मंसूरी शहर अध्यक्ष



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा भाजपा से प्रभावी मुकाबले के साथ नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा इंदौर शहर में विभिन्न प्रकोष्ठों में अध्यक्ष, संयोजक एवं प्रभारी पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद सादिक खान की अनुशंसा पर सद्दाम मंसूरी को राजीव विकास केंद्र के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का इंदौर शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। सद्दाम मंसूरी की नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों एवं मित्रों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। नियुक्ति पर सादिक खान, दिलीप राजपाल, मजहर हुसैन सेठजीवाला, राहुल निहोरे, राधा पंवार, अकरम खान, सेहजाद हुसैन लोहार, आलमगीर मंसूरी, शेख बरकत, वसीम पठान, शाहरुख खान शानू, शाहनवाज राईन, आबिद खान, अरशद खान, इखलाक शाह, बंटी मिर्जा, इकबाल मुगल, जाकिर मुगल ने बधाई दी।

## प्रधानमंत्री बता रहे हैं बुरे दिन आने वाले हैं-पूर्व विधायक पटेल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



देपालपुर विधानसभा के गौतमपुरा में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं संगठनात्मक एकता को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से मिलन, सम्मान एवं सहभोज का आयोजन चम्बल रोड स्थित गार्डन पर किया गया।कार्यक्रम में कांग्रेसियों के अलावा समाजसेवी और वरिष्ठजन भी मौजूद थे। अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने उदबोधन में केंद्र और राज्य सरकार पर राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि 12 साल पहले देश के प्रधानमंत्री ने जनता से वादा किया था कि 'अच्छे दिन' आएंगे, लेकिन आज वही प्रधानमंत्री देश को संबोधित करते हुए यह बता रहे हैं कि देश में 'बुरे दिन' आने वाले हैं। वर्तमान भाजपा सरकार में किसान, युवा, मध्यमवर्गीय और छोटे व्यापारी अत्यंत परेशान हैं। उक्त बयान पटेल के उदबोधन के आधार पर है। राधेश्याम पटेल ने भी उदबोधन दिया और कहा कि हमारे बुजुर्गों ने देश का निर्माण कर देश के लिए सम्पत्तियां बनाई, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री उन राष्ट्रीय संपत्तियों को बेचने में लगे हुए हैं। राजेंद्र मालवीय, देवकरण गुर्जर, उमराव सिंह मौर्य, कृपाराम सोलंकी,जगदीश भावसार, विक्रम मसताल, मोहन चौधरी,मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने की नाकाम कोशिश

## पटवारी के ना के बावजूद पुतला फूंकने पहुंचे तो पुलिस की दिखी मुस्तैदी





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम कम्पेल स्थित बड़ा दरवाजा पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन करने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की सतर्कता के चलते उनका प्रयास सफल नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला जलाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान सादी वर्दी में तैनात पुलिस जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुतला छीन लिया। इसके बाद पुलिस ने पुतला दहन नहीं होने दिया और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। घटना के दौरान कुछ देर के लिए मौके पर हलचल का माहौल रहा, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। कल ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश भर के सभी कांग्रेसियों से आह्वान किया था कि वे कहीं भी पुतला ना जलाए बल्कि गांधीवादी तरीके से विरोध जताए।



# महापौर की मौजूदगी में योग को लेकर मंथन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मौजूदगी में योग मित्र अभियान की बैठक जालसभागृह में की गई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में शहर के 85 वार्डों के प्रशिक्षक और योग संस्थाओं की बैठक में सभी ने अपने अपने सुझाव दिए। महापौर ने भी अपनी बात रखी और होने वाली कार्यक्रम में सभी योग केन्द्र जुड़े इस पर भी चर्चा हुई। संचालन आरोग्य भारती इंदौर महानगर मालवा प्रांत के कार्याध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी ने की।

## कांग्रेस आज शाम करेगी विरोध प्रदर्शन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ समिति के जीतू दीवान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी के विरोध में आज शाम 5.30 बजे रीगल तिराहा गांधी प्रतिमा के समीप विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जीतू दीवान, सुनील यादव, सचिन सेन, आशुतोष मिश्रा, शेख समीर, नियाजउद्दीन अंसारी, डॉ. खलीफुर्रहमान, शहजाद पठान, डॉ. महबूब खान, नरेंद्र अग्रवाल, संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा मौजूद रहेंगे।

# भाजपा नेता ने तार टूटने के बाद भी चालू कराई लाइट

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 2 में भी कल तेज हवाएं चलने के बाद पेड़ गिरने की घटना खातीपुरा में हुई थी। पेड़ के कारण तार और पोल भी चपेट में आए थे और एक कार भी पेड़ पोल तार की चपेट में आई। इस दौरान तार टूटे तो लाइट भी बंद हो गई, वैसे लाइट तो पूरे इंदौर में बंद हुई थी, लेकिन तार टूटने के कारण



लाइट जल्द शुरू होना आसान नहीं था। भाजपा नेता कपिल चौधरी, जो पार्षद की तैयारी कर रहे हैं उन्होंने तत्काल विद्युत मंडल अधिकारियों के अलावा निगम झोन अधिकारियों से भी बात की। पेड़ हटवाने से लेकर पोल हटवाने और लाइट चालू करवाने में भी कपिल चौधरी का दमखम काम आया और लाइट चालू हुई।





# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने की जनहित के मुद्दों पर बैठक

## अगले सप्ताह होगा महू तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्र में करेंगे बाइक जत्था के साथ पदयात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इंदौर ग्रामीण के कार्यकर्ता व मध्य प्रदेश किसान सभा, आदिवासी एकता महासभा के पदाधिकारी और सदस्यों ने कल बैठक आयोजित की। इसमें जनता के जनतांत्रिक अधिकारों पर बढ़ते हमले, पेट्रोल, डीजल के दामों में लगातार हो रही मूल्य वृद्धि, जंगल की जमीन और भूमि से जुड़े सवाल, कब्जे के पट्टे, वनअधिकार की रक्षा, भूमि अधिग्रहण, पुलिस दमन, बिजली बिलों में लूट, अवैध बेदखली और लगातार बढ़ रही महंगाई के सवाल पर चर्चा की गई। अरुण चौहान, अर्जुन बारिया, चुन्नी भूरिया, राजू दरिया, देवकरण कोहली की मौजूदगी में हुई बैठक में बताया कि 10 जून को महू तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन के पूर्व ग्रामीण क्षेत्र के अंदर मोटर साइकिल जत्थे, पद यात्राएं और हाट-बाजारों मे पर्चा वितरण, नुक्कड़ सभाएं की जाएगी, लगातार चलने वाले इस आंदोलन में किसान मजदूर आदिवासियों की स्थानीय समस्याओं को भी जोड़ा जाएगा। राऊ तहसील ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय राऊ पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस में हुई मंडलम कमेटियों में नियुक्तियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अंतर्गत आने वाले कुल 73 मंडलम में से अब तक 49 मंडलम की कमेटियां/समितियां जारी की जा चुकी हैं। इसकी शुरुआत करते हुए पिछले दिनों 27 मई को 29 मंडलम की सूची जारी की गई थी, जिसके बाद दूसरी सूची में 20 और मंडलम की कमेटियां घोषित कर दी गई हैं। शेष बचे 24 मंडलम की समितियों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक फेरबदल और कमेटियों के गठन का मुख्य उद्देश्य सबसे निचले स्तर (रूट लेवल) पर पार्टी की पकड़ को और अधिक धारदार बनाना है। नवनियुक्त मंडलम कमेटियों के जरिए जिला कांग्रेस सीधे तौर पर हर गांव, वार्ड और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करेगी। सभी पदाधिकारी से जिला अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन के लिए जुट जाए, आम जनता को जोडे एवं केन्द्र और प्रदेश सरकार की विफलताओं को भी जनता को बताए। तत्काल बूथ पर कार्य शुरू कर जानकारी जिला कांग्रेस संगठन को भेजे।

# आप के प्रदेश सहप्रभारी ने दौरे में भरा दम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संभाग की 21 विधानसभाओं में संगठन विस्तार हेतु प्रदेश सह-प्रभारी जय भगवान उपकार ने इन्दौर सहित सम्भाग के खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर सहित 21विधानसभा क्षेत्रों में बैठक आयोजित की। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में उन्होने दम भरा। बैठकों में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, आगामी चुनावों की रणनीति तथा जनता के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। कुल मिलाकर दौरे का लक्ष्य यही रहा कि अब म.प्र. में आम आदमी पार्टी को मजबूत किया जाए और कांग्रेस का विकल्प खडा किया जाए, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि बिजली, पानी, सड़क, बेरोजगारी एवं स्थानीय भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाए। 14 जून को इंदौर में संभाग स्तरीय विशाल सम्मेलन आयोजित किए जाने की घोषणा की गई, जिसमें चारों जिलों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

# झलकारी महासंघ ने दी प्रतिमा के लिए न्यायालय जाने की चेतावनी

## पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के लिए त्वरित निर्णय पर चैतन्य हुए कोरी/कोली समाजजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ और कोली/कोरी समाज ने नगर निगम पर दोहरा मापदंड अपनाने और पक्षपाती निर्णय लेने का गंभीर आरोप लगाया है। समाज का कहना है कि यदि निगम प्रशासन ने अपना अड़ियल रवैया नहीं बदला, तो वे इस भेदभाव के खिलाफ माननीय न्यायालय की शरण लेंगे। घोषणा के बाद भी काम शून्य, बोर्ड तक नहीं लगा। अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश वर्मा दानिश, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रहलाद टाटवाल, मालवा प्रांताध्यक्ष ईश्वरलाल सनोटिया, सम्भागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश धीमान एवं कोरी/कोली महापंचायत के संयोजक कैलाश चंद्र चौधरी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन्दौर के करीब 1 लाख 20 हजार कोली/कोरी समाज बंधुओं की आस्था की प्रतीक, स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा लगाने के लिए समाज पिछले 29 वर्षों से लगातार मांग कर रहा है और इधर निगम पक्षपाती निर्णय कर रहा है। इसी कारण कोली/कोरी समाज को न्यायालय की शरण लेना पड़ेगी। वीरांगना की प्रतिमा और बोर्ड लगाने में लेटलतीफी के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यहां तक कहा गया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के लिए तत्काल निर्णय ले लिया गया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए न्यायालय के आदेश का बहाना बनाया जा रहा है। प्रकाश महावर कोली ने कहा कि 17 अगस्त को अन्नपूर्णा रोड़ स्थित दशहरा मैदान, दरगाह चौराहा का नामकरण वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर करने और उनकी प्रतमि लगाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। लेकिन विडंबना देखिए कि इतने महीने बीत जाने के बाद भी नगर निगम ने चौराहे पर नामकरण का एक बोर्ड तक नहीं लगाया है। कोली ने यहां तक कहा कि इस रोड पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने के लिए नगर निगम ने बिना एमआईसी में विचार-विमर्श किए तत्काल निर्णय लेकर टेंडर तक जारी कर दिए हैं। समाज को अटल बिहार वाजपेयी की प्रतिमा लगाने पर कोई आपत्ति नहीं है, वे सत्तापक्ष के बड़े नेता रहे हैं, उनकी प्रतिमा लगे यह हमारे लिए भी गौरव की बात है। देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ने वाली वीरांगना झलकारी देवी की प्रतिमा पर परिषद का रवैया ठीक नहीं है। कोली/कोरी समाज में आक्रोश है, और निगम के इस दौहरेपन के लिए कोली/कोरी समाज कानूनी लड़ाई की तैयारी भी करने से पीछे नहीं हटेगा। उक्त पूर्ण जानकारी प्रकाश महावर कोली द्वारा दी गई।

# मंत्री विजयवर्गीय के निवास क्षेत्र सहित कई इलाकों में घंटों बंद रही बिजली

**लम्बे समय बाद सैकड़ों इनवेटर की फूल गई सांसें**

इंदौर • सिटी ब्लास्ट

**कल शाम को चली तेज आंधी से शहर के आधे से ज्यादा हिस्से में बिजली गुल हो गई थी। इस बिजली को वापस आने में कई घंटे का समय लग गया। प्रदेश के दिग्गज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास का क्षेत्र भी अंधेरे में डूबा रहा वहां भी देर रात तक जाकर बिजली का सप्लाय शुरू हो सका। कई घंटे बिजली बंद रहने से सैकड़ों इनवेटर भी दम नहीं भर पाए और बंद हो गए।**

कल शाम को चली तेज आंधी के कारण शहर में डेढ़ सौ से ज्यादा स्थानों पर पेड़ की डालियां टूट कर गिर गई। इनमें से कई स्थानों पर यह डालियां टूटकर बिजली के तारों पर गिर गई। इसके परिणाम स्वरूप संबंधित क्षेत्र में बत्ती गुल हो गई। इसके अलावा तेज हवा के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए। जहां तार टूटे वहां भी बिजली गुल हो गई। आंधी तूफान के थमने के बाद से जो बिजली गई थी तो वह बिजली कहीं पर देर शाम को तो कहीं पर आधी रात के बाद जाकर लौटी। बड़ी संख्या में लोग अपने क्षेत्र में बिजली जाने के कारण हैरान परेशान होते हुए बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर पर फोन लगाते नजर आए। बड़ी संख्या में आ रही शिकायत को देखते हुए यह टोल फ्री नंबर भी काम नहीं कर रहा था और लोगों की शिकायत को लेने के लिए तैयार नहीं था। ऐसी स्थिति में लोगों के द्वारा बिजली कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में शिकायत करने की कोशिश की गई। यह शिकायत भी दर्ज नहीं हो सकी क्योंकि बिजली कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में भी कोई फोन उठाने को तैयार नहीं था। ऐसी स्थिति में जब लोग क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचे तो वहां पर नाम के लिए ही कर्मचारी मौजूद थे। जो मौजूद थे वह भी कह रहे थे की हालत बहुत ज्यादा खराब है, अब धीरे-धीरे ही काम हो पाएगा।

हर तरफ लोग बिजली के जाने से परेशान हो रहे थे। शाम और रात के समय पर प्रकाश के लिए बिजली की आवश्यकता सबसे ज्यादा रहती है। शहर के मध्य क्षेत्र के व्यापारिक क्षेत्र में भी बत्ती गुल हो गई थी जिसके चलते हुए व्यापारियों का शाम के समय का कारोबार पूरी तरह से ठप्प हो गया। व्यापारी भी यह कोशिश करते रहे कि उनकी दुकान की बिजली आ जाए लेकिन वह भी नहीं आई। बहुत सारे क्षेत्र पूरे के पूरे ही अंधेरे में डूबे हुए रहे।

इस बिजली के गुल होने की स्थिति से आम नागरिक के साथ महत्वपूर्ण व्यक्ति भी प्रभावित हुए। प्रदेश के दिग्गज बीजेपी नेता और राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा धाकड़ विधायक रमेश मेंदोला के निवास वाले क्षेत्र में भी जो बत्ती गुल हुई तो वह आधी रात के बाद जाकर आ सकी।शहर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं था जो की बिजली से प्रभावित नहीं हुआ। हर तरफ लोग हैरान परेशान थे। ऐसे में लोगों की ओर से यह सवाल उठ रहा था कि आखिर मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कंपनी के द्वारा ऐसा क्या किया जाता है जो हवा चले तो बिजली चली जाती है, पानी आए तो बिजली चली जाती है।

## मधुमक्खी के कारण प्रभावित हुई मंत्री के क्षेत्र की बिजली

नंदानगर क्षेत्र में तेज आंधी के दौरान गुलर के पेड़ की टहनी हाईटेंशन लाइन पर गिरने से करीब एक हजार घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता होने के कारण बिजलीकर्मी तुरंत टहनी नहीं हटा सके और बिजली बहाली का कार्य पांच घंटे तक प्रभावित रहा।

नंदानगर क्षेत्र में सोमवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों को एक अनोखी और चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा। तेज हवा के कारण हाईटेंशन लाइन पर गुलर के पेड़ की एक बड़ी टहनी गिर गई, लेकिन परेशानी केवल यहीं तक सीमित नहीं रही। जिस पेड़ की टहनी बिजली लाइन पर गिरी थी, उसी पर मधुमक्खियों का एक बड़ा छत्ता भी लगा हुआ था। मधुमक्खियों के हमले के खतरे के कारण बिजलीकर्मी घंटों तक लाइन से टहनी नहीं हटा सके, जिससे क्षेत्र के करीब एक हजार घरों की बिजली पांच घंटे तक बाधित रही।

इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला के घर की बिजली आपूर्ति भी ठप रही। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कई बार बिजली बहाल करने का प्रयास किया, लेकिन मधुमक्खियों के खतरे के कारण सफलता नहीं मिल सकी।बिजली विभाग की टीम इंजीनियर अजय कुमार और इमरान कुरैशी के नेतृत्व में दो बार मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने टहनी हटाने की कोशिश की, लेकिन मधुमक्खियों के संभावित हमले को देखते हुए उन्हें वापस लौटना पड़ा। स्थिति को देखते हुए टीम ने अंधेरा होने का इंतजार करने का फैसला किया। अधिकारियों का मानना था कि रात के समय मधुमक्खियां अपेक्षाकृत शांत रहती हैं और हमले की आशंका कम होती है।

शाम करीब सात बजे बिजली विभाग ने दोबारा अभियान शुरू किया। क्रेन की मदद से दो कर्मचारियों को ऊपर भेजा गया, जिन्होंने जोखिम उठाते हुए हाईटेंशन लाइन पर गिरी टहनी तक पहुंच बनाई। काफी सावधानी बरतते हुए कर्मचारियों ने टूटी हुई टहनी को काटकर हटाया। इसके बाद लाइन को सुरक्षित घोषित किया गया और करीब पांच घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।

### रहवासियों को घरों में रहने की दी गई सलाह

लाइन पर गिरी टहनी को हटाने से पहले बिजली विभाग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। मधुमक्खियों का छत्ता गिरने की आशंका को देखते हुए आसपास के रहवासियों को घरों के भीतर रहने और खिड़की-दरवाजे बंद रखने की सलाह दी गई। इसके साथ ही सड़क पर यातायात भी अस्थायी रूप से रोक दिया गया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। टहनी हटाने और क्षेत्र को सुरक्षित घोषित करने के बाद ही बिजली आपूर्ति दोबारा शुरू की गई।



### राजबाडा सहित मध्य क्षेत्र में भी कई जगह गिरे पेड़

कल दोपहर में अचानक तेज चली आंधी के कारण शहर भर में सैकड़ों पेड़ गिर गए जहां पेड़ बिजली के खम्बों पर गिरे वहां बत्ती गुल हो गई। खास बात यह है कि मध्य क्षेत्र में भी कई जगह पेड़ गिर गए। राजबाडा के मुख्य बगीचे में लगा पेड़ का कुछ हिस्सा भी गिर गया। वहीं जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला, स्कीम नं. 71 में भी कई जगह पेड़ और डगाल गिर गए।

## बिजली लाइनों पर 40 पेड़ गिरे

### 3 घंटे में सभी 33 केवी फीडर से सामान्य की आपूर्ति
### पांच हजार से अधिक शिकायतों का समाधान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सोमवार अपराह्न शहर में मौसम में भारी बदलाव अत्यंत तेज आंधी, वर्षा के दौर चला। तेज आंधी से करीब चालीस स्थानों पर 33 केवी लाइनों, पोल के पास पेड़, विशाल शाखाएं गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। बिजली आपूर्ति सामान्य करने के लिए करीब आठ सौ कर्मचारी लगाए गए। साढ़े सात बजे सभी 33 केवी लाइनों को सामान्य कर दिया गया, कुछ स्थानों पर 11 केवी लाइनों पर पेड़ों की शाखाएं आने से आपूर्ति बाधित रही। अपरान्ह से शाम तक जोन की टीमों ने आपूर्ति संबंधित पांच हजार से ज्यादा शिकायतों का समाधान किया। अधिकारी अनूपकुमार सिंह सहित अन्य जानकारी लेकर तत्काल लाइनों को ठीक कराने में निर्देश देते रहे। आरसी जैन, मनेन्द्र गर्ग से भी चर्चा कर कई जगह रात में ही पोल, केबल, तार बदले गए।

# छत की बाउण्ड्रीवॉल ढही, दो घायल

## पार्षद पुत्र ने पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के भगतसिंह नगर की गली नं. 2 में कल आंधी-तूफान के दौरान एक मकान की छत पर बनी बाउण्ड्रीवॉल ढह गई। जिसकी चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए, जिन्हें क्षेत्रीय पार्षद संध्या राधाकिशन जायसवाल के सुपुत्र मासूम जायसवाल ने अस्पताल पहुंचाया। मासूम ने बताया कि मुकेश प्रजापत के घर की दीवार गिर गई। इस



समय मुकेश और उनके मामा का बेटा अर्जुन नीचे बैठे हुए थे, दीवार ऊपर से उन पर आ गिरी, जिसके कारण दोनों चोटिल हो गए। अर्जुन प्रजापत को गंभीर चोट लगी है उसे कमर और पैर में



फ्रेक्चर है। वहीं मुकेश प्रजापत को भी चोट लगी है। मासूम ने दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से अर्जुन को खंडवा रोड स्थित एक अस्पताल शिफ्ट किया है।



## पिंजारा बाखल में जर्जर मकान निगम ने तोड़ा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिंजारा बाखल में निगम ने खतरनाक मकान को तोड़ गिराया। बारिश के पहले निगम की जर्जर भवन को तोड़ने की मुहिम चलाई जाती है। इसी के तहत पिंजारा बाखल निवासी गप्पूलाल सोनी के जर्जर मकान को तोड़ा गया।

# पालदा में सिंदूर फैक्टरी में भीषण आग, धू-धू कर जला पैकेजिंग मटेरियल

इंदौर • सिटी ब्लास्ट

पालदा आरटीओ रोड स्थित एक सिंदूर बनाने वाली फैक्टरी में बीती रात भीषण आग लग गई। आग वीनस केमिकल फैक्टरी में भड़की थी।फैक्टरी के ऑफिस में भारी मात्रा में पैकेजिंग मटेरियल और फाइलें होने के कारण लपटें तेजी से फैल गईं। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे पास में रखा सिंदूर और केमिकल का बड़ा स्टॉक जलने से बच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दमकलों के साथ मौके पर पहुँची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले आग को चारों तरफ से घेरा और उसे फैलने से रोका, क्योंकि ठीक पास में ही एक प्लास्टिक कारखाना भी स्थित था। टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत और लगभग पांच हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। शुरूआती आशंका के मुताबिक, आग लगने का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

# अब बारिश के पहले की तैयारी पर निगम का ध्यान

## हर जोनल कार्यालय पर गठित किया तैयारी करने वाला दल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम को जो तैयारी करना होती है उस पर निगम के अधिकारियों का ध्यान अब टिक गया है। निगम के द्वारा हर जोनल कार्यालय पर इस कार्य को अंजाम देने के लिए अलग-अलग टीम का गठन कर दिया गया है।**

शहर में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आदेश जारी करते हुए निगम के समस्त जोनों में वर्षाकाल पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यवाहियों के सुचारू संपादन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जोनवार विशेष दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक जोन में संबंधित जोनल अधिकारी को दल प्रमुख, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को उप दल प्रमुख तथा सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को दल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

इन गठित किए गए दलों को अपने-अपने क्षेत्रों में वर्षाकाल पूर्व सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा उनकी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए। वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले शहर के सभी बड़े नालों, नालियों एवं चेम्बरों की व्यापक सफाई एवं उनमें जमी गाद को हटाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर स्थित ऐसे सभी चेम्बरों की विशेष सफाई सुनिश्चित की जाएगी जिनके माध्यम से वर्षा जल की निकासी होती है। शहर की पुलियाओं, जल निकासी पाइप लाइनों तथा ड्रेनेज नेटवर्क का भी परीक्षण एवं सफाई कार्य कराया जाएगा, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

शहर के ऐसे सभी संवेदनशील एवं निम्न क्षेत्र, जहां अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है, उनका चिन्हांकन किया जाए तथा वहां पानी की त्वरित निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ऐसे क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने एवं उनके अस्थायी ठहराव हेतु उपयुक्त स्थलों का भी चयन एवं चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए ।

### सड़क की मरम्मत करें

वर्षाकाल में सड़कें क्षतिग्रस्त होने अथवा अन्य आकस्मिक परिस्थितियां उत्पन्न होने की संभावनाओं को देखते हुए सड़क संधारण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में संभावित जोखिम वाले स्थानों का निरीक्षण कर समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई करें।

### तलघर वाले भवन ढूंढों

इसके अतिरिक्त शहर की वार्ड एवं जोनवार ऐसी बहुमंजिला इमारतों का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके बेसमेंट अथवा तलघरों में वर्षा ऋतु के दौरान पानी भरने की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे भवनों को चिन्हित कर संबंधित भवन स्वामियों एवं प्रबंधकों को आवश्यक नोटिस जारी किए जाएंगे। साथ ही उन्हें अपने परिसर के ड्रेनेज चेम्बरों एवं सीवर लाइनों की सफाई कराने तथा वर्षा जल निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### खुद ही करें समीक्षा

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वर्षाकाल पूर्व तैयारियों से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन, मशीनरी, पंप, पाइप एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

# ब्रिक्स देशों से आए मेहमान मेघदूत गार्डन में करेंगे पौधारोपण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**उद्यान विभाग ने शुरू की तैयारी, गार्डन के एक हिस्से में बनाया जा रहा मेमोरियल स्पॉट**

नगर निगम द्वारा ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। आगामी 9 से 13 जून तक इंदौर में ब्रिक्स देशों का कृषि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में 11 देश के प्रतिनिधि शामिल होने के लिए इंदौर आ रहे हैं जो अलग-अलग कृषि संबंधी विषयों पर मंथन करेंगे। इंदौर में इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए विशेष निर्देश प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को दिए हैं। कार्यक्रम का आयोजन मैरियट और ग्रैंड शेरेटन होटल में होना है इसी क्रम में नगर निगम उद्यान विभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौर ने तैयारी शुरू कर दी है, क्योंकि अधिकांश मेहमान होटल मैरियट में रुकेंगे। सुबह की सैर के लिए मेघदूत गार्डन में पहुंचेंगे जिसके लिए गार्डन में तैयारी आरंभ कर दी गई है। यहां रंग रोगन से साथ नए पौधे लगाए जा रहे हैं। फाउंटेन को तैयार किया जा रहा है यह सभी काम मौके पर खड़े रहकर उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर करा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गार्डन में विदेशी मेहमानों के अनुसार योग की व्यवस्था की जा रही है इसके अलावा जिन हिस्सों में ग्रीनरी नहीं है वहां ग्रीनरी बढ़ाई जा रही है। घास की नई प्लेट लगाने का काम किया जा रहा है, ग्रीन स्पेस तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा देसी पौधों के साथ ही विदेशी पौधे भी गार्डन में लगाए जा रहे हैं। राठौर ने बताया कि पूर्व क्षेत्र का आकर्षण मेघदूत गार्डन हमेशा से ही रहा है पुराने समय में लोग यहां विशेष तौर पर घूमने आया करते थे। अपने साथ पूरा परिवार पूरा दिन गार्डन में बीतता था, परिवार के सदस्य साथ बैठकर मनोरंजन और भोजन का आनंद लेते थे। पूर्वी क्षेत्र का यह गार्डन अपनी एक विशेष पहचान रखता है ब्रिक्स कृषि सम्मेलन के साथ ही हम इस गार्डन को अपनी पुरानी पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। जहां पर मेहमान टहलने, व्यायाम और योग का आनंद ले सके, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। इस आयोजन में 150 से अधिक लोग शामिल होंगे। इस दौरान केंद्र सरकार और कृषि मंत्रालय के अधिकारी भी इंदौर में रहेंगे। इंदौर शहर स्वच्छता के मामले में देश में अव्वल है इसी की पहचान आने वाले मेहमानों को हो सके इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर बाईपास होटल शेरेटन के रास्ते को ठीक किया जा रहा है। मार्ग में कोई बड़ी बाधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। एमआर 11 सड़क और बाईपास पहुंच मार्ग पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं जहां सड़क ठीक नहीं है वहां नहीं सड़क बनाई जा रही है, गड्ढों को भरा जा रहा है फुटपाथ ठीक किए जा रहे हैं। जिस तरह से इंदौर नगर निगम द्वारा प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ईईजी ग्रुप की बैठक के दौरान हुए यूरेशिया सम्मेलन की याद में गार्डन बनाए गए हैं इस तरह से मेघदूत गार्डन का यह हिस्सा ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की यादगार के रूप में पहचाना जाएगा। यहां आने वाले मेहमान लगभग 200 से अधिक पौधे लगाएंगे इसके अलावा ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा 11 देश के प्रतिनिधि नीम बढ़ पीपल जैसे पौधे लगाएंगे इसके लिए एक अलग स्पेस तैयार किया जा रहा है। इस आयोजन में शामिल होने वाले सभी 11 देश का स्मारक चिन्ह यहां पर बनाया जाएगा। प्रदेश में कृषि वर्ष मनाया जा रहा है। इसी के तहत सम्मेलन के दौरान ढक्कन वाला कुआं स्थित हाट बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कृषि आधारित प्रदर्शनियां और स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें प्रदेश की कृषि उपलब्धियों, नवाचारों और आधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा।

सम्मेलन में वैश्विक खाद्य सुरक्षा, जलवायु स्मार्ट कृषि, कृषि व्यापार, डिजिटल एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और किसान कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इंदौर के लिए ब्रिक्स सम्मेलन इंदौर और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। 9 से 11 जून तक ब्रिक्स कृषि कार्य समूह की बैठक होगी, जबकि 12 और 13 जून को सदस्य देशों के कृषि मंत्री अहम मुद्दों पर मंथन करेंगे। जिसमें वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण, जलवायु स्मार्ट कृषि, कृषि व्यापार को आसान बनाने, किसान कल्याण, आपूर्ति श्रृंखला, अनुसंधान, ज्ञान साझेदारी, डिजिटल कृषि, प्रिसिजन फार्मिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और नवाचार जैसे विषय शामिल है।

11 देश के मंत्री होंगे शामिल- बिक्स कृषि सम्मेलन में 11 देशों के कृषि मंत्री डेलीगेशन शामिल होंगे। इस दौरान वर्तमान हालातों में भविष्य के लिए वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतन होगा। 11 देशों की सूची में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इंडोनेशिया हैं।



## संजीवनी बाल केन्द्र के समर कैम्प में बच्चों को राष्ट्र भक्ति की सीख भी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संजीवनी बाल मित्र केंद्र थाना छत्रीपुरा में 7 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका समापन भी हुआ। कैंप में बच्चों को योग, व्यक्तित्व विकास, साइबर सुरक्षा, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की सीख दी गई। समापन पर प्रशिक्षित हुए इन बच्चों को प्रमाण-पत्र, मिठाइयाँ एवं उपहार से उत्साहवर्धन के साथ ही, एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में वरिष्ठ अधिकारी आरके सिंह, सुनील मेहता, विशेष अग्रवाल, सीमा अलावा, विजय तिवारी, संजीव श्रीवास्तव एवं टीम का योगदान रहा। संचालन आरक्षक संजय राठौर द्वारा किया गया। अभिजीतसिह राठौड़, श्रवण शर्मा, डॉ. रूपाली राठौर, कृष्णकुमार कुन्हारे, सुशीला राठौर, कुसुम शर्मा, ललिता राठौर, नेहा शर्मा, कपिल शर्मा, उत्कृष्ठ चौधरी ने भी इस शिविर में 7 दिनों तक अपनी भूमिका अच्छे से निभाई।

## 113 युवाओं को मिला रोजगार



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया, जिसमें 11 कम्पनियों ने 172 युवाओं के साक्षात्कार किए, जबकि पंजीयन 237 उम्मीदवारों ने कराया था। 172 में से 113 को रोजगार के लिए चयनीत किया, इनमें 65 युवतियां भी शामिल है। अधिकारी पीएस मंडलोई ने बताया कि रोजगार मेले में जिला उद्योग केंद्र के मैनेजर द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 8 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। शासन की अप्रेन्टिशिप योजना अंतर्गत 04 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गए।




## कोरी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कोरी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह सेवा समिति एवं तंतुवाय वैश्य कोरी समाज महानगर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह विजय नगर कालेज में किया गया। 65 मेधावी बच्चों के साथ उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। मदन परमालिया सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।



# कलयुग में तिरुपति बालाजी भगवान करते हैं मनोकामना पूर्ण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज द्वारा माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में आयोजित श्री वेंकटेश बालाजी कथा का रसपान युवराज स्वामी डॉ. माधवप्रपन्नाचार्य महाराज ने कथा का रसपान कराया और कहा कि कलयुग में तिरुपति बालाजी भगवान आपकी मनोकामना तुरंत पूर्ण करते हैं। वहीं तपस्या, भक्ति एवं कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व का विस्तार से वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री वेंकटेश स्तोत्र का पाठ कर भगवान का स्मरण किया। अर्चना भूतड़ा, राखी काबरा, विभा राठी, अर्चना करवा, पल्लवी लखोटिया, सुधा गौरानी, सीमा परवाल, विकी माहेश्वरी, श्याम राजश्री माहेश्वरी, रमेश शकुंतला चितलांग्या, किरण कैलाश लखोटिया, इंदु ओमप्रकाश मुछाल ने अपनी भूमिका धार्मिक रूप से निभाई।

# गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष का दायित्व शैलेन्द्र जोशी के पास

## त्रिकोणीय मुकाबले में रंजना पाठक,सुनील पुराणिक को हराया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



श्रीश्री गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर संस्था की 11 पदों वाली कार्यकारिणी के चुनाव सिंधु भवन क्रांति कृपलानी नगर में हुए। जिसमें शैलेंद्र जोशी सर्वाधिक 436 वोट हासिल कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए।निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट सुरेश चंद्र जोशी, एस एन त्रिवेदी ने परिणाम घोषित करते हुए बताया की। 11 लोगों की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर अरुण मंडलोई 537 मत प्राप्त कर विजयी हुए हैं तो महिला उपाध्यक्ष आरक्षित पद पर अर्चना उपाध्याय ने 433 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। इसके अलावा सचिव पद पर राजेश पाठक 407 मत लेकर विजयी हुए हैं। सहसचिव पद पर धीरज दुबे, प्रचार सचिव पद पर विभा दुबे, कोषाध्यक्ष पद पर विशाल ठाकुर ने जीत हासिल की। संचालक में 4 पदों पर सोनिया जोशी ,सुरेंद्र दुबे,मिहिर व्यास,मितेश त्रिवेदी ने जीत दर्ज की। 1660 सदस्यों वाली संस्था में 55 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। उल्लेखनीय है कि 1990 में स्थापित इस संस्था में पहली बार सभी पदों के लिये चुनाव हुए हैं, जिसमें समाज समर्पित पैनल का सिर्फ एक उम्मीदवार ही जीता है, शेष पदों पर निर्दलीय उम्मीदवार ही जीते है। इसके पूर्व के चुनाव निर्विरोध होते रहे हैं। बुधवार 3 जून को पूर्व अध्यक्ष मनोहर दुबे नए अध्यक्ष को कार्यभार सौंपेंगे और अपने कार्यकाल में हुए कार्यों की जानकारी प्रदान करेंगे। विजयी अध्यक्ष शैलेन्द्र जोशी ने बताया कि मेरी जीत समाज की जीत है। कोशिश रहेगी कि मैने जो वचनपत्र जारी किया है उसे पूरा कर सकूं।

# न्यूट्रिशन एजुकेशन एंड स्किल्स ट्रेनिंग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा कल, न्यूट्रिशन एजुकेशन एंड स्किल्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सीआईएपी प्रेसिडेंशियल एक्शन प्लान 2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में 45 चिकित्सकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम शैशवावस्था से लेकर किशोरावस्था तक के पोषण संबंधी मूल्यांकन और कौशल पर केंद्रित था। इसमें शिशु देखभाल, पूरक



आहार, बच्चों की पोषण संबंधी काउंसलिंग, विकास में बाधाओं का प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी तथा किशोरों में कुपोषण एवं मोटापे के प्रबंधन पर गहन चर्चा की गई। डॉ. सुरेन्द्रसिंह बिष्ट, डॉ. आरिफ बोहरा, डॉ. श्रिलेखा जोशी, डॉ. वैष्णवी अग्रवाल ने सार्थक उद्बोधन दिए। डॉ. रतन खंडेलवाल, डॉ. वीपी गोस्वामी, डॉ. राजीव संघवी, डॉ. नीलम मोहन, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट, डॉ. अशोक शर्मा ने भी आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।



# भगवान कृष्ण और सुदामा का हुआ मिलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मालवा मिल अग्रवाल पंचायत द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा मिलन हुआ। सतीशचन्द्र शर्मा के श्रीमुख से कथा का रसपान हुआ और अग्रवाल समाजजनों ने कल भगवान और सुदामा के मिलन का दृश्य अपनी आंखों से देखा, उत्सव भी मनाया गया। गणेश गोयल, गोविन्द गर्ग, सुशील अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग, उमेश मंगल, गोविंद गोयल, राजेन्द्र गर्ग, अशोक अग्रवाल, सतीश मंगल, सुरेश मित्तल, मुकेश मित्तल, कल्याण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, महेश अग्रवाल, विनोद बंसल, अनिल मंगल, रामचरण अग्रवाल, महेश मित्तल, मोनिका पोद्दार, सावित्री मित्तल, अनिता गोयल, श्यामा-नरेश मित्तल, संजय चौधरी, नंदकिशोर कंदोई, शिव खंडेलवाल, अनोखी पोरवाल, गोपाल गर्ग, बबली गुप्ता, मनोहर अग्रवाल, गणपत गोयल, गोविंद मित्तल, राजू गोयल सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया भी पहुंचे थे।

# नीमा समाजजनों ने किया व्यासपीठ का पूजन





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नीमा धर्मशाला मालगंज में दशा नीमा समाज के हीरक जयंती महोत्सव पर भागवत कथा का रसपान आदित्य मुखिया के श्रीमुख से हो रहा है। बड़ी संख्या में नीमा समाजजन भगवान कृष्ण की भक्ति का रसपान ले रहे हैं। मातृशक्तियां भी पहुंच रही है। सुशील नीमा, अनुराग नीमा, अनिल नीमा, महेश नीमा गामा, अजय जोहरी, सत्यनारायण नीमा, कमल नीमा, राजेंद्र नीमा, सतीश नीमा मालक, गिरधर गोपाल नीमा, अशोक नीमा ने व्यासपीठ का पूजन किया। आयोजन में समाजसेवा कोष समिति, दशा नीमा मंडल, प्रगति मंच, युवा मंच, युवान यमुना मंडल, विकास संगठन सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। आज शाम 4 से 7 बजे तक ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार कथा प्रसंगों की कथा होगी।



## ब्रज कमल पर कृष्ण स्वरूप में सजे अलीजा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अधिकमास तृतीय बड़े मंगलवार पर पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर विशेष श्रृंगार किया गया। ब्रज कमल पर विराजित अलीजा का कृष्ण स्वरुप में श्रृंगार किया गया। सुबह से मंदिर में दर्शनार्थियों की कतार लगी हुई है। उक्त जानकारी गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।



# रामकथा के पूर्व शोभायात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में विद्याधाम परिसर में रामकथा के आयोजन के पूर्व मातृशक्तियों ने शोभायात्रा का आयोजन किया। समाजजन भी शामिल हुए। राहुलकृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से कथा का रसपान किया गया। व्यासपीठ का पूजन पुष्पा-अशोक शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा, सरस्वती शर्मा, शशि शर्मा, कीर्ति जोशी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, हेमा शर्मा, प्रीति शर्मा, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा ने किया। कथा रोजाना दोपहर 3.30 से 7.30 बजे तक चल रही है।

# लक्ष्मीनारायण विवाह के कन्यादान से मिलने वाली राशि से बच्चों की मदद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वनबंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्रायबल सोसायटी महिला समिति इंदौर ने पहली बार अधिकमास में अपने सेवा, धर्म और संस्कार को अनूठे अंदाज में संजोते हुए आगामी 6-7 जून को लक्ष्मीनारायण के विवाह का दिव्य आयोजन करने का संकल्प किया है। इस महोत्सव में दुल्हन लक्ष्मी के कन्यादान में प्राप्त धनराशि का उपयोग एफटीएस द्वारा संचालित मालवांचल के करीब 1400 स्कूलों में पढ़ने वाले वनवासी बच्चों की शिक्षा के सहायतार्थ किया जाएगा। विवाह का उत्सव जगदगुरु रामानुजाचार्य अवन्तिका पीठ युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य के सानिध्य एवं वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी के विशेष आतिथ्य और वनबंधु परिषद महिला इकाई की अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी एवं मार्गदर्शन में बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर होगा। आयोजन से उर्मिला शारदा, सीमा रणधर, मीना गर्ग, रामअवतार जाजू, अखिलेश राठी, नवीन खंडेलवाल, नीलम बालदी, दीपिका माहेश्वरी, विद्या मुछाल, समता मूंदड़ा, ज्योति गर्ग, मुदिता झंवर, सुनीता जैन, शोभना जैन, सरस्वती माहेश्वरी, गीता मूंदड़ा, विनिता जाजू, सुषमा चौधरी, माधवी झंवर, रासु जैन सहित अन्य जुड़े हुए थे।

# चातुर्मास को लेकर बैठक में समिति का गठन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। कुंवर मंडली स्थित श्री राजेंद्र आराधना भवन में साधारण सभा एवं लाभार्थी चढ़ावों की जाजम आयोजित हुई। प्रमोद-आशालता वया परिवार ने नवकारसी एवं प्रवेश पत्रिका में जय जिनेन्द्र लिखवाने का लाभ लिया। वहीं मुकेश-पुनीत जैन अलीराजपुरवालों ने प्रवेश अवसर पर सकल श्रीसंघ के स्वधर्मी वात्सल्य का लाभ लिया। सभी मुद्दों पर चर्चा कर समितियों का गठन किया गया। आयोजन स्थल केसर वाटिका में पांडाल, आवास एवं भोजनशाला निर्माण कार्य प्रारंभ होने की जानकारी भी दी गई। जाजम परिषद परिवार के शैलेन्द्र सुराणा, पंकज कटारिया एवं उनकी टीम ने जाजम बिछाने की व्यवस्था संभाली। हंसादेवी, अलकाबेन पारीख, कविता वागरेचा एवं राखी रांका ने कलश एवं गवली की जिम्मेदारी ली। सोहनलाल एवं समस्त पारेख परिवार द्वारा अस्थायी मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। मंगल जुलूस में आचार्यों के चित्र एवं अभिधान राजेंद्र कोष लेकर बैठने का दायित्व तेजकुमार बंबोरिया, जयंत-विभा जैन, राकेश पिपलौदा, मनसुख पोरवाल एवं कमलचंद कुक्षी ने लिया। उक्त अवसर पर गजेंद्र सकलेचा, पियूष वोरा,धनराज संघवी, राजेन्द्र पारीख, नीरज सुराणा, महेन्द्र बागवाला, देवेश जैन, मुकेश पोसित्रा, सनोज जैन, रवि रांका, राजेंद्र रुणवाल मौजूद थे। मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने बताया कि चातुर्मास को सफल बनाने के लिए मौजूद जैन समाजजनों ने हर तरह के सहयोग का संकल्प लिया।



# शौर्य यात्रा को लेकर क्षत्रिय महासभा की बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रगतिशील क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित की गई। यह तय किया कि हर स्वजातीय बंधु अपने 20 रिश्तेदार के साथ 17 जून को बड़ा गणपति से निकलने वाली शौर्य यात्रा में शामिल हो। शौर्य यात्रा के पत्रक भी वितरित किए जाएंगे। अलग-अलग क्षेत्रों से समूह के साथ बडा. गणपति समाजजनों को पहुंचाने पर भी चर्चा हुई और कई जवाबदारी तय की गईं। बैठक के बाद आभार राजबहादुर कुशवाह ने माना।

## बड़े बालाजी के विशेष श्रृंगार दर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री सिद्धेश्वर हनुमान (बड़े बालाजी) मंदिर नवलखा में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के अन्तर्गत भगवान का विशेष श्रृंगार इस पुरुषोत्तम मास में हो रहा है। 5 जून को महारुद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महंत परमानंद महाराज के सानिध्य में आयोजन हो रहे है। 5 जून को समापन होगा। इस दिन भी सुबह से भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ एवं विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात् हजारों भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।



## सुन्दरकांड पाठ का हुआ आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भौयाजी हास्य एवं योगा ग्रुप राजमोहल्ला द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी घनश्याम मित्तल ने दी।




## जल क्रीड़ा पार्टी यूथ रायल्स ने आयोजित की

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रवाल यूथ रॉयल्स क्लब द्वारा ग्रीष्मकालीन सत्र के अवसर पर बायपास स्थित रिसॉर्ट में जल क्रीड़ा पार्टी का आयोजन किया गया। युवा, महिलाएं, बच्चे एवं परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। जल क्रीड़ा आधारित अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अलग-अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।



## करणी सेना महिला प्रकोष्ठ में नम्रता सिंह

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) के अनुराग प्रतापसिंह ने महिला प्रकोष्ठ की सम्भागीय अध्यक्ष पद पर नम्रता सिंह की नियुक्ति की। शिवानी सिसौदिया, मोनिकासिंह बैस की सहमति रही। कमलसिंह जादोन, ठाकुर संतोष सिंह, हरेंद्र सिंह चौहान, शिबू सिंह जादौन की भूमिका भी प्रमुख रही।



## दिव्यांग कलाकारों ने बांधा समां

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संत शिरोमणि भक्त कवि सूरदास की जयंती के उपलक्ष्य में सक्षम संस्था द्वारा गीत एवं संगीत कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। सक्षम मालवा प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष साबू ने उद्‌बोधन दिया। अतिथि रवीन्द्र दुबे, संदीपनी आर्य, आधारसिंह चौहान थे। एनआर राठौर, जया भट्ट, अमित भामावत, वीरपाल सिंह मौजूद थे।

## ज़ैन समाज ने लगाया शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय जिला सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान मे धर्मशाला मरीमाता चौराहा पर नेत्र शिविर में 210 मरीजों ने लाभ लिया, 27 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 104 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।





## जैन संगठन गोम्मटगिरि पर करेगा अगले माह बड़ा पौधारोपण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन की मासिक संगोष्ठी में कल नरेन्द्र गंगवाल का अभिनंदन किया गया। बैठक में यह तय हुआ कि गोम्मटगिरि पर बरसात शुरू होने के बाद जुलाई में बड़ा पौधारोपण आयोजन किया जाएगा। साथ ही इसी जून माह के अन्त में मेडिकल एक्यूपमेंट अलग-अलग संस्थाओं को प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान एमके जैन, नरेन्द्र गंगवाल, देवेन्द्र सिंघई, आलोक जैन, पंकज जैन, सुषमा जैन, प्रीति पाडलिया, एसके जैन, मनोज जैन, मनीषा चेलावत, किरण मेहता, श्वेता जैन, अनुभा जैन उपस्थित थे।

## परशुराम सेना का कल नेत्र परीक्षण शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने बताया कि कल 3 जून को सुबह 9 बजे से आनंदम केंद्र भंडारे वाले मंदिर यशवंत निवास रोड मालवा मिल बीमा अस्पताल के पास नेत्र शिविर का आयोजन अरबिन्दो अस्पताल के साथ किया जाएगा। नेत्र चिकित्सक सेवाएं देंगे। अनूप शुक्ला, त्रिलोक खत्री, प्रकाश शर्मा पप्पी आयोजन से जुड़े हुए हैं।

## आदिनाथ जिनालय के स्थापना दिवस पर कल होगा आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन कल 3 जून को किया जाएगा। राजेश जैन ने बताया कि कल सुबह मंगलाष्टक से कार्यक्रम की शुरूआत होगी और फिर सुबह 7.15 बजे मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक प्रारंभ पश्चात प्रातः 8 बजे नित्य नियम पूजन प्रारंभ एवं सांध्य कालीन बेला में 7:30 बजे 48 दीपों के समर्पण के साथ श्री भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं महाआरती का आयोजन होगा। छत्रपति नगर के मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक वर्ष में केवल 3 बार आयोजित होता है। 3 जून को संपन्न होने वाला अभिषेक इस वर्ष का अंतिम महा मस्तकाभिषेक होगा। यह दुर्लभ पुण्य अवसर है। अभिषेक पूजन, भक्तामर पाठ, आरती के आयोजन में दिगम्बर जैन समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। योगेन्द्र काला के निर्देशन में धार्मिक आयोजन होंगे।

# सांवरियाधाम से रिंगरोड़ चौराहे तक तीन वार्डों से जुड़ी 1100 मीटर लंबी सर्विस रोड़ की अब दिखने लगी रंगत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांवरिया धाम से मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहा तक तीन वार्डो से जुड़ी सर्विस रोड के निर्माण और चौड़ीकरण के काम की रंगत अब दिखने लगी है। भारत द्वार से लेकर पालीवाल धर्मशाला बैग फैक्ट्री के सामने तक के बड़े हिस्से में दोनों तरफ एक जैसी 35-35 फीट चौड़ी नई सीमेंट सड़क निर्माण का काम इन दिनों अब तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में सांवरियाधाम मंदिर से लेकर रिंगरोड चौराहे तक बैग फैक्ट्री तक के बड़े हिस्से में एक-एक पट्टी में ज्यादातर हिस्से की सड़क बनकर तैयार होने लगी है। इसके अलावा दूसरी तरफ खुदाई कर सड़क का बेस तैयार किया जा रहा है।



**भारत द्वार से बैग फैक्ट्री के सामने तक दोनों ओर एक जैसी 35 फीट चौड़ी बन रही नई सीमेंटेड सड़क**

### चार पैकेज में शामिल 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड़ निर्माण के बाद 150 फीट चौड़ी नजर आएगी मुख्य सड़क

गौरतलब है कि मूसाखेड़ी रिंग रोड़ चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक करीब 1100 मीटर लंबी दोनों तरफ के हिस्सों में 35-35 फीट चौड़ी सर्विस रोड का चौड़ीकरण और नव निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। जिससे आने वाले दिनों में भविष्य में क्षेत्र के लोगों को जल्द पहले से तैयार बीच की 80 फीट चौड़ी मुख्य सड़क के साथ अगले डेढ़ से दो माह में दोनों तरफ 35-35 चौड़ी यानी 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड की सौगात और मिलने वाली है। जिसके साथ रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम तक यहां मुख्य सड़क की कुल चौड़ाई करीब डेढ़ सौ फीट के आसपास हो जाएगी। जिससे आने वाले दिनों में भविष्य में यहां से गुजरने वाले ट्रैफिक में लोगों को जाम से तो बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही नेमावर रोड बायपास तक की सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

# शांति नगर चौक से पिपलियाहाना ब्रिज तक गड्ढों से मुक्ति के लिए रातों-रात डामरीकरण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहा से पुलिस पेट्रोल पंप पीटीएस ट्रेनिंग सेंटर और शांति नगर चौक से पिपलियाहाना ब्रिज तक बड़े हिस्से में गड्ढों से मुक्ति के लिए निगम ने बारिश से पहले डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। जिससे इस मार्ग से रात दिन गुजरने वाले हजारों वहां चालकों के साथ क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को भी बड़ी राहत मिल रही है क्योंकि अभी गर्मी के कारण निगम आसानी से डामरीकरण का कार्य करवा रहा है। जबकि बारिश शुरू होने के बाद अगले तीन चार माह तक मानसून सीजन में डामर का काम नहीं हो पाएगा। जिससे बारिश के दौरान जगह-जगह सड़क खराब होने पर बारिश के सीजन में डामर प्लांट बंद होने से मजबूरी में निगम डामरीकरण के काम लगातार डिमांड होने के बाद भी नहीं करा पाएगा। इसलिए अभी निगम ने कई जगह एक साथ लंबे समय से अधूरे डामरीकरण के कार्य एक साथ शुरू कर दिए है ताकि लोगों को बारिश से पहले बड़ी राहत मिल जाए।

**पूर्वी रिंग रोड के बड़े हिस्से में लंबे समय से थी परेशानी-** यही नहीं खास बात यह है कि मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर लंबे समय से करोड़ों की लागत से फ्लाई ओवर निर्माण के कारण सर्विस रोड के खराब होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल और विधायक महेन्द्र हार्डिया से मांग कर रहे थे। उसके बाद लगातार पार्षद बसवाल के



प्रयासों से मंजूरी के बाद निगम द्वारा इस क्षेत्र में रातों रात डामर की परत बिछाकर आमजन को गड्ढों से राहत देने की तैयारी की जा रही है ताकि बारिश में लोगों लोगों को यहां से निकलने में दिक्कत न हो।

# हिंदू संगठन से बगावत का अशोक को इनाम अजीत को मिल सकती है भाजयुमो की कमान

**उपाध्यक्ष जय सूर्या ने अजीत जैन के लिए शुरू की लाबिंग**

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )।** धार नगर जिला भाजयुमो के आगामी जिलाध्यक्ष के लिए रस्साकस्सी का दौर शुरू हो चुका है, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के दरबार मे धार नगर जिलाध्यक्ष के नाम को लेकर भाजयुमो के झांकीबाज उपाध्यक्ष जय सूर्या ने अपने परम् मित्र को बैठाने की तैयारी शुरू कर दी, बकायदा इसके लिए माहौल तैयार किया जा रहा है, ताकि अपने परम् मित्र को किसी भी तरह से धार नगर भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनवाया जा सके, सूत्रों की माने तो उपाध्यक्ष जय सूर्या ने हिन्दूवादी नेता अशोक जैन के पुत्र और धार नगर पालिका के पार्षद अजीत जैन के नाम पर मोहर लगवाने के लिए भरचक प्रयास कर रहे है,अशोक जैन जो पूर्व में भोजशाला आंदोलन के बड़े नेता रहे। सूत्रों की माने तो वर्तमान में हिंदू संगठन और भोज उत्सव समिति का दामन छोड़ पूर्व केंद्रीय मंत्री के गुट में शामिल हो गए है, इसी के इनाम के तौर पर धार जिला भाजयुमो की कमान उनके सुपुत्र अजीत जैन के हाथों सौंपी जा सकती है, पहले अजीत जैन को अशोक जैन के कारण पार्षद





का टिकिट और जीत मिली थी, अब फिर से एक बार अशोक जैन को भोजशाला मामले का लाभ मिलता दिखाई दे रहा है। साथ ही धार नगर जिला भाजयुमो में नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर खींचतान और लॉबिंग तेज हो गई है। भाजयुमो के प्रादेशिक उपाध्यक्ष जय सूर्या, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के समक्ष अजीत जैन के नाम की पुरजोर वकालत कर रहे है, हालांकि अजीत को भाजपा संगठन की समझ तो कुछ खास नहीं है, वही भाजयुमो में संगठनात्मक पदों के लिए एक निश्चित आयु सीमा तय होती है, सूत्रों के अनुसार, अजीत जैन इस तय उम्र सीमा से अधिक के हो रहे हैं, जो उनकी दावेदारी में सबसे बड़ी बाधा है, उम्र के अलावा पार्टी के कुछ अन्य आंतरिक मापदंड भी हैं, जिन पर अजीत जैन की दावेदारी बहुत कमजोर बैठ रही है,अब यह तो समय बताएगा की भाजयुमो अपने तय नियम का पालन करती है या पाला बदलने के चलते नियमों की अनदेखी करके अजीत को धार जिला भाजयुमो की कमान सौंपती है।

# महेश्वर में गौरव दिवस ने बढ़ाई रौनक



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समाचार पत्र मीडिया संस्थान और सामाजिक संगठन ने मां नर्मदा के तट महेश्वर पर खिचडी वितरण कार्यक्रम किया। महेश्वर में गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इसके चलते महेश्वर में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और धर्मप्रेमी नागरिकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली।संदीप सेन, सुनील रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी, दीपक शिंदे, जीवन डोडिया ने अपनी भूमिका निभाई।

# लेफ्ट टर्न पर लाखों खर्च कर काम होगा शुरू

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा न्याय नगर चौराहे के बाय मोड के विकास कार्य के अंतर्गत लगभग 40 लख रुपए के आसपास खर्च कर यहां के बड़े हिस्से पर साज-सजावट के कार्य शुरूकर आवश्यक सौंदर्यकरण के कार्य भी शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत आकर्षक फेवर ब्लॉक लगाकर बड़े हिस्से में नया फुटपाथ तैयार किया जाएगा। इसके अलावा चौराहे पर सुंदरता और खूबसूरती के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाकर साज-सजावट के कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू भी कर दी है।

**शक्तिपीठ माता मंदिर से लेकर स्टार चौराहे तक फुटपाथ निर्माण का कार्य पूरा-** वही बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा इससे पहले मालवीय नगर चौराहे से न्याय नगर रोड़ पर स्थित दिव्य शक्तिपीठ मंदिर से लेकर स्टार चौराहे तक सौंदर्य करण और विकास कार्य योजना के अंतर्गत नवीन फुटपाथ निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। वही आप निगम में बाय मोड़ के और भी सौंदर्यकरण विकास कार्य करने के लिए योजना बनाकर काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# पीएससी में फिर उलझने बरकरार

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की कई बड़ी परीक्षाओं के रिजल्ट कब से आ चुके हैं लेकिन इंटरव्यू का इंतजार है। जिनके इंटरव्यू हो गए, उनकी चयन सूची नहीं आ रही है। डेंटल सर्जन के 385 पदों के इंटरव्यू कब से हो गए, लेकिन चयन सूची अटका रखी है। वहीं फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती के 123 पदो के इंटरव्यू डेढ़ माह पहले हो गए, लेकिन अब तक चयन सूची नहीं आई है। अगर ऐसा ही चला तो आगे पीएससी का पूरा ढर्रा गड़बड़ा जाएगा। अभी पांच एग्जाम के परिणाम आ चुके हैं लेकिन इंटरव्यू का इंतजार है। जबकि स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम का तो रिजल्ट ही अटक गया है।

### एक बड़ी दिक्कत यहां भी, 1800 पदों को इंटरव्यू का इंतजार

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के 1800 पदों पर इंटरव्यू बाकी है। 17 विषयों में के यह इंटरव्यू होना है। इस साल अंत तक इंटरव्यू पूरे हो तो जाएंगे लेकिन 2025 की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के 1249 पदों के इंटरव्यू अटक जाएंगे। वह फिर अगले साल ही हो पाएंगे।

### राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 : 9 जून को एक साल का विलम्ब हो जाएगा

पीएससी की एक मुश्किल राज्य सेवा परीक्षा-2025 ने भी बढ़ा रखी है। पिछले साल 9 से 14 जून तक परीक्षा होना थी, लेकिन नहीं हो पाई। कोर्ट के निर्देश के कारण रोक लगा दी गई थी। उसके बाद से अब तक कई बार कोर्ट में सुनवाई की तारीख लगी, लेकिन केस लिस्ट में नहीं आया। 15 मई को फिर सुनवाई होनी थी। इस बार भी सुनवाई नहीं हुई। अब 15 जून संभव है।

### और क्या है अटका

- स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस : 22 मार्च को हुई इस एग्जाम के परिणाम भी अब तक नहीं आए हैं। कब आएंगे, इसका कोई ठोस जवाब नही है। 32 पदों के लिए यह परीक्षा हुई थी। इसमें ढाई हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि रिजल्ट में इतनी देरी होगी तो इंटरव्यू पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

## संपादकीय

# पूरी दिल्ली में होना चाहिए अवैध और जर्जर इमारतों का सर्वे

सवाल है कि इमारत जर्जर हो गई थी, तो संबंधित विभाग ने समय रहते इसे खाली क्यों नहीं कराया। अगर यह प्राथमिक कदम उठा लिया गया होता, तो एक बड़ा हादसा टल सकता था। दिल्ली में साकेत के पास एक इलाके में शनिवार को पांच मंजिला इमारत ढह जाने से पांच विद्यार्थियों सहित छह लोगों की मौत की खबर ने फिर यही साबित किया है कि सरकारी तंत्र के भीतर किस हद तक लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का आलम पसरा हुआ है। इस घटना में कई लोग घायल भी हो गए। बचाव अभियान में चौदह लोगों को बाहर निकाला गया। इस हादसे से सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब यह हादसा हुआ, उस समय इमारत की ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य किसकी अनुमति से हो रहा था। नियमों का उल्लंघन कर इसकी मंजूरी किस स्तर पर दी गई? हालांकि नगर निगम के दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इतने बड़े हादसे पर यह कार्रवाई बहुत छोटी है। कायदे से उन सभी पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिन पर उस भवन के निर्माण और नक्शे की मंजूरी देने का जिम्मा था। मजिस्ट्रेट के स्तर पर जांच के बाद संबंधित अधिकारियों को छानबीन के घेरे में लाया जाना चाहिए। मगर वास्तव में यह प्रशासन और नगर निकाय की लापरवाही का एक और ज्वलंत उदाहरण है। सवाल है कि इमारत जर्जर हो गई थी, तो संबंधित विभाग ने समय रहते इसे खाली क्यों नहीं कराया। अगर यह प्राथमिक कदम उठा लिया गया होता, तो एक बड़ा हादसा टल सकता था। कोई भी इमारत एक दिन में अचानक नहीं गिरती। उसमें संरचनात्मक कमजोरी धीरे-धीरे सामने आ रही होती है। साकेत में जो इमारत ढह गई, समय रहते उसके मालिक और नगर निगम के अभियंताओं ने सजगता क्यों नहीं बरती और निर्माण मानकों का उल्लंघन क्यों होने दिया गया। उस इमारत में अवैध निर्माण किए जाते रहे और अधिकारी आंखें मूंदे रहे, तो दरअसल यह आपराधिक लापरवाही है। साकेत में हुई घटना पूरी दिल्ली के लिए सबक होनी चाहिए। यहां कई व्यावसायिक और रिहाइशी इमारतें हैं जो भवन निर्माण की कसौटी पर खरी नहीं उतरतीं। पिछले दो-तीन दशकों में राजधानी में भवनों के निर्माण का जिस तरह व्यावसायीकरण हुआ है, उसके नतीजे सामने आने लगे हैं। जर्जर होती कोई इमारत कब ढह जाए, कहा नहीं जा सकता। अवैध और जर्जर इमारतों का पूरी दिल्ली में सर्वे और निरीक्षण होना चाहिए, ताकि समय रहते नागरिकों की जान बच सके।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151000 | 155100 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 253500 | 267600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

- निर्मल वर्मा घुंघरू

# गाली देने से रोका तो बदमाशों ने फूंक दीं तीन गाड़ियां

## ऑटो रिक्शा और दो मोटरसाइकिलें जलकर खाक, घर का बिजली मीटर भी जला





**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में घर के सामने गाली-गलौच करने से मना करने पर बदमाशों ने देर रात एक रहवासी इलाके में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। इस भीषण आगजनी में एक ऑटो रिक्शा और दो मोटरसाइकिलें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं, जबकि पीड़ित के घर का बिजली मीटर भी जल गया। समय रहते जाग ज़ाने से पूरा परिवार और आस-पड़ोस के लोग बाल-बाल बच गए, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के सांई सुमन नगर की है। यहां रहने वाले फरियादी संजय डाबी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि शाम के समय क्षेत्र के दो बदमाश जीत उर्फ बब्बन निवासी सांई सुमन नगर और अर्पित पिता चिंटू निवासी महेश यादव नगर उनके घर के बाहर खड़े होकर गालियां दे रहे थे। चूंकि संजय के घर मेहमान आए हुए थे, इसलिए उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने दोनों को टोकते हुए कहा कि घर में मेहमान बैठे हैं, इसलिए यहां सामने गाली-गलौच मत करो और कहीं और जाओ। इस बात पर दोनों बदमाश भड़क गए और संजय को अंजाम भुगतने व देख लेने की खुली धमकी देते हुए वहां से चले गए। विवाद के बाद पीड़ित परिवार खाना खाकर सो गया था। रात करीब 2:15 बजे अचानक पूरे घर में कुछ जलने की बदबू फ़ैल गई। इसी दौरान बाहर से पड़ोसी जयप्रसाद और उनकी पत्नी ममता की चिल्लाने की आवाजें आने लगीं तो शोर और बदबू सुनकर संजय और उनका परिवार घबराकर तुरंत घर के बाहर आए, बाहर आते ही उनके होश उड़ गए; घर के सामने खड़ी उनकी ऑटो रिक्शा क्रमांक एमपी आरबी2962 और पड़ोस में रहने वाले जयप्रसाद की होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 15 एनए 2888 सहित एक अन्य बजाज डिस्कवर बाइक धूं-धूं कर जल रही थी। संजय ने पुलिस को बताया कि जब वे बाहर निकले, तो उन्होंने अपनी आंखों के सामने उसी बदमाश जीत उर्फ बब्बन और उसके साथी अर्पित को मौके पर देखा, जिन्होंने खुन्नस में इन गाड़ियों में आग लगाई थी। पीड़ित और पड़ोसियों ने चिल्लाते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए दौड़ लगाई, लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों मौके से भाग निकले। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से गाड़ियों में लगी आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक ऑटो रिक्शा और दोनों मोटरसाइकिलें जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी थीं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसकी चपेट में आने से संजय के घर के बाह5र लगा बिजली का मीटर भी जल गया और मुख्य मकान में आग लगते-लगते बची।पुलिस ने मामले में फरियादी संजय डाबी की रिपोर्ट पर आरोपी जीत उर्फ बब्बन और अर्पित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# दो मकानों से नकदी व जेवरात साफ

## हाईवे पर खड़े ट्रक से चायपत्ती के 9 कार्टून ले उड़े चोर

**इन्दौर।** बेटमा और द्वारकापुरी थाना क्षेत्रों में चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाकर नकदी और सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। वहीं क्षिप्रा इलाके में हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक से कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीनों ही मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली वारदात बेटमा थाना इलाके की कालीबिल्लौद की प्रभातम कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। फरियादी खुशबू ओझा के मुताबिक, दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच जब मकान सूना था, तब अज्ञात बदमाश घर में दाखिल हुए और वहाँ रखे 24हजार रुपये नकद सहित सोने-चांदी के कीमती आभूषण समेटकर रफूचक्कर हो गए।

इसी तरह अहिरखेड़ी इलाके में रहने वाले दिलीप पिता हीरालाल पाल के मकान में चोरों ने शातिराना अंदाज में धावा बोला। बदमाश छत के रास्ते से घर के भीतर दाखिल हुए थे। चोर यहाँ से सोने-चांदी के गहनों सहित कुल 49 हजार रुपये का माल बटोरकर ले गए। जबकि शिप्रा थाना इलाके में राऊखेड़ी में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने सर्विस रोड पर खड़े एक ट्रक को बदमाशों ने निशाना बनाया। राजगढ़ निवासी ट्रक ड्राइवर गोवर्धन सरावत ने पुलिस को बताया कि 27मई की सुबह करीब 5 बजे जब उनका ट्रक सर्विस रोड पर खड़ा था, तभी अज्ञात आरोपी गाड़ी में रखे चायपत्ती के 9 कीमती कार्टून चुराकर भाग गए। पुलिस सभी मामलों में संदेहियों और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# 95 हजार डॉलर का लालच देकर युवक से ठगे 1.40 लाख

**समर वेकेशन का बहाना बना तोड़ा संपर्क**

**इन्दौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र के महूगांव में साइबर ठगों ने एक युवक को 95 हजार डॉलर का लालच देकर 1.40लाख रुपये की चपत लगा दी। शातिरों ने भारत में समर वेकेशन पर आने और मोटी रकम देने का झांसा देकर दो अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। किशनगंज पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी रुपेश गोखले पिता रमेश गोखले निवासी रॉयल टाउन कॉलोनी, महूगांव ने पुलिस को बताया कि, 16और 17 अप्रैल के बीच उनके पास अज्ञात ठगों के फोन आए। आरोपियों ने उन्हें 95 हजार डॉलर मिलने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग फीस व अन्य बहानों से पैसे मांगे। आरोपियों के जाल में फंसकर रुपेश ने अपने बैंक खाते से आरोपियों द्वारा बताए गए यूको बैंक के खाते में 80।हजार रुपये और बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 60 हजार रुपये कुल 1 लाख 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम ऐंठने के बाद आरोपियों ने भारत में समर वेकेशन पर आने की बात कहकर बातचीत बंद कर दी और अपने नंबर बंद कर लिए। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों और कॉल डिटेल के जरिए उनकी कुंडली खंगाल रही है।

# ट्रक ने बाइक को सामने से मारी टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**इन्दौर।** बेटमा थाना क्षेत्र के देपालपुर रोड पर कल सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बेटमा पुलिस ने ग्राम अटावदा निवासी घायल निर्मल पिता जुगराम चौधरी की शिकायत पर दुर्घटनाकारित ट्रक नंबर एमपी 09 जीएच 1980 के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी निर्मल के मुताबिक, कल सुबह करीब 11 बजे वह अपने साथी नितिन पिता दिनेश चौधरी के साथ बाइक से बेटमा से अपने गांव अटावदा लौट रहा था तभी देपालपुर रोड स्थित एक गैस एजेंसी के सामने, ग्राम रावद की तरफ से लापरवाही से आ रहे ट्रक के चालक ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे, जिससे उनके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।

# पब में डांस के दौरान धक्का लगने पर बवाल

## युवक को कुर्सी और बीयर की बोतल से पीटा, सिर फूटा

**इन्दौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 स्थित स्टूडियो एक्सो क्लब में बीती रात डांस फ्लोर पर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। डांस के दौरान एक युवक को धक्का लगने की बात पर कुछ बदमाशों ने एक अन्य युवक पर कुर्सी और बीयर की कांच की बोतलों से जानलेवा हमला कर दिया।

लसूडिया पुलिस ने इंदिरा नगर उज्जैन निवासी घायल सर्वजीत सिंह पिता बहादुर सिंह सिसोदिया की शिकायत पर आरोपी संदीप विश्नोई, विवेक वर्मा और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी सर्वजीत के मुताबिक, वह 31 मई की रात क्लब में मौजूद था, जहाँ डांस करते समय विवेक वर्मा नाम के युवक से उसका शरीर टच हो गया था। इसी बात पर आरोपी और उसके दोस्त गाली-गलौज करने लगे। विवाद से बचने के लिए सर्वजीत जब क्लब के ओपन एरिया में आ गया, तो आरोपी पीछा करते हुए वहाँ भी पहुँच गए और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सर्वजीत को लात-मुक्कों से पीटने के बाद वहाँ रखी कुर्सी और बीयर की कांच की बोतल से उसके सिर व शरीर पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# कंधे पर हाथ और वो गर्मजोशी! वैभव सूर्यवंशी से कुछ इस अंदाज में मिले विराट कोहली

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 जैसे आरसीबी युग की मुनादी थी। 18 वर्ष तक खिताब के लिए तरसती टीम ने पिछली बार पहली बार चैंपियन बनी थी और अब लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी है। लेकिन ये आईपीएल में बल्लेबाजी के एक और युग की भी शुरुआत है। ये युग है वैभव सूर्यवंशी का। सिर्फ 15 साल का लड़का लेकिन उसके बल्ले से रन नहीं, जैसे रिकॉर्ड बरस रहे हों। एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स, सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट, सबसे तेज आईपीएल शतक जड़ने वाला भारतीय, सबसे कम उम्र में शतक, सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप विनर, सबसे तेज 1000 आईपीएल रन बनाने वाले भारतीय ...सिर्फ दूसरे ही सीजन में इतने सारे रिकॉर्ड बता रहे कि अब आईपीएल में बल्लेबाजी का वैभव युग शुरू हो चुका है। उनका नाम हर क्रिकेटप्रेमी की जुबान पर है। जब आईपीएल 2026 के फाइनल के हीरो विराट कोहली मैच के बाद वैभव सूर्यवंशी से मिले तो उसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया। मॉडर्न क्रिकेट का सबसे बड़ा सुपर स्टार जब प्यार से एक उभरते सुपर स्टार के कंधे पर हाथ रखेगा, तो कैमरे में कैद उस खूबसूरत दृश्य को तो वायरल होना ही है।

31 मई 2026 को दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2026 का फाइनल खेला गया। पिछली बार की विजेता आरसीबी और 2022 की विजेता गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबला था। इस मैच को देखने के लिए राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी भी स्टेडियम में मौजूद थे। वह उसी बॉक्स में बैठे थे जहां आईसीसी के चेयरमैन जय शाह, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली और बीसीसीआई के मौजूदा उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला बैठे थे। मैच में विराट कोहली ने यादगार पारी खेलते हुए आरसीबी को लगातार दूसरी बार आईपीएल का सरताज बनाया। उन्होंने सिर्फ 25 गेंद में आईपीएल इतिहास की अपनी सबसे तेज फिफ्टी जड़ी। आखिर में छक्के के साथ मैच खत्म किया। वह 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे और उनकी मैच विनिंग परफॉर्मेंस के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद जब वैभव सूर्यवंशी बधाई देने के लिए विराट कोहली से मिले तो उस पल को कैद करने के लिए कैमरों के फ्लैश चमक उठे। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इस दौरान कोहली ने सूर्यवंशी के कंधे पर हाथ रखा। उनकी बातों को 'वंडर किड' बड़े ध्यान से सुनता नजर आया। दोनों के बीच क्या बातचीत हुई, ये तो स्पष्ट नहीं हुआ लेकिन कोहली बड़े स्नेह और अपनत्व के साथ वैभव सूर्यवंशी से मिले। आईपीएल 2026 पर भले ही आरसीबी का कब्जा हुआ हो लेकिन इस सीजन के सबसे बड़े सुपर स्टार तो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ही रहे। अपने दूसरे ही सीजन में वह 776 रन बनाकर सीजन के टॉप स्कोरर रहे और ऑरेंज कैप पर कब्जा किया।



# 17 साल का सूखा, फिर 2 आईपीएल ट्रॉफी, कैसे 'चोकर्स' से दो बार की चैंपियन बनी आरसीबी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए आईपीएल ट्रॉफी को जीतना वो सपना था, जो 17 साल में एक बार भी साकार नहीं हो सका था। टीम खिताब के करीब तो कई बार पहुंची थी, लेकिन 'हाथ आई मुंह न लगी' वाली कहावत हर बार टीम के साथ हो जाती थी। हालांकि, गुजरात टाइटंस को फाइनल में हराकर आरसीबी ने अब लगातार दो सीजन आईपीएल के खिताब को अपने नाम कर लिया है। आइए आपको बताते हैं पिछले दो सीजन में ऐसा क्या बदला कि चोकर्स कहे जाने वाली आरसीबी उन तीन टीमों की लिस्ट में शुमार हो गई, जिन्होंने खिताब का बचाव किया है।

**कप्तान बदलते ही किस्मत ने ली करवट–** फाफ डुप्लेसिस को रिलीज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी एक युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को सौंपी। टीम का यह फैसला शुरुआत में बेहद अटपटा लगा। रजत के सामने चैलेंज बहुत बड़ा था, क्योंकि एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी होने के बावजूद आरसीबी के दामन पर 'चोकर्स' का टैग लगा हुआ था। रजत की अच्छी किस्मत आरसीबी के भी काम आई।

मैदान पर शांत, अपने काम से काम रखने और एकदम ध्यान केंद्रित रहने वाले रजत ने आरसीबी को पहली बार चैंपियन बनाने का बोझ अपने कंधे पर उठाया। कोहली और बाकी स्टार खिलाड़ियों से मिली सलाह और अपने फैसलों के दम पर रजत ने आईपीएल 2025 में वो कर दिखाया, जो डिविलियर्स, गेल, डुप्लेसिस और कोहली जैसे खिलाड़ी नहीं कर सके थे। रजत को कप्तान बनाने का फैसला आरसीबी के लिए गेमचेंजर साबित हुआ।

**ऑक्शन में कमजोरियों पर हुआ काम–** आईपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले आरसीबी को हमेशा ही स्टार खिलाड़ियों के पीछे भागते हुए देखा जाता था। हालांकि, बल्लेबाज रजत पाटीदार के कप्तानी संभालने और लगातार नाकामी के बाद टीम ने अपने कमजोर पक्ष पर ध्यान देना शुरू किया। टीम की सबसे बड़ी कमजोरी रही तेज गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की जोड़ी को लाया गया। टिम डेविड को बतौर फिनिशर टीम में शामिल करके इस कमजोरी को भी दूर किया गया। इसके साथ ही क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड समेत कुछ अच्छे ऑलराउंडर्स को भी टीम में जोड़ा गया।

**खत्म हुई एक खिलाड़ी पर निर्भरता–** आईपीएल 2025 से पहले आरसीबी के लिए सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि टीम जीत के लिए एक या दो खिलाड़ियों पर अधिक निर्भर रहती थी। कभी विराट कोहली, तो कभी एबी डिविलियर्स या फिर कभी कोई और। हालांकि, आईपीएल 2025 में टीम के हर खिलाड़ी ने आरसीबी को जीत दिलाने के लिए जोर लगाया। कोहली फेल होते, तो रजत मोर्चा संभालते और रजत के फ्लॉप होने पर क्रुणाल टीम की नैया को पार लगाने लगे। बल्लेबाज नाकाम रहते, तो गेंदबाज अपनी धारदार गेंदबाजी से मैच को पलट देते। आरसीबी की यह आदत टीम के लिए वरदान बन गई, जिसके बूते आरसीबी एक नहीं, बल्कि दो आईपीएल खिताब को अपने नाम करने में सफल रही। रजत पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी अब पहले से काफी संतुलित नजर आती है। आरसीबी की ब्रांड वैल्यू हमेशा से ही काफी ऊपर रही।

# एमपीएल टी-20 का आगाज कल से

## पहले मुकाबले में उज्जैन फाल्कन्स का मुकाबला ग्वालियर चितास से

**इंदौर।** एमपीएल का सीजन तीन का आगाज कल से होलकर स्टेडियम पर शुरू हो रहा है। पहले दिन उज्जैन फाल्कन का मुकाबला ग्वालियर चितास से होगा। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। इस बार पुरुष वर्ग में 10 टीमें हिस्सा ले रही है। सभी मुकाबले होलकर स्टेडियम पर होंगे। इस बार बोली लगाकर फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों को खरीदा। जिसके लिए बड़ी रकम भी खर्च की गई। 26 जून तक चलने वाले इस सीजन के लिए सभी टीमें जोरदार तैयार कर रही है। पहले मैच के लिए रजत पाटीदार का ग्वालियर चितास के साथ जुड़ना अभी तक तय नजर नहीं आ रहा है। आरसीबी की जीत के बाद कुछ दिनों तक जश्न मनाने की योजना है और कई आयोजन होना है। उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंचाइजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है।

आईपीएल में तीन मैचों में चार विकेट लेने वाले माधव के अलावा टीम में यश दुबे, चंचल राठौर, आर्यन पांडे और सोहम पटवर्धन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल हैं। पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे के मार्गदर्शन में टीम ने हाल के दिनों में नेट्स पर खूब पसीना बहाया है। टीम का पूरा ध्यान लीग शुरू होने से पहले सही लय हासिल करने पर है। हाल ही में उज्जैन फाल्कन्स की नई जर्सी भी लॉन्च की गई है।

मंदिर दर्शन के बाद उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कालानी ने कहा कि, महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले पूरी टीम का यहां आकर आशीर्वाद लेना हमारे लिए बेहद विशेष क्षण था। हमने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह तैयार किया है, जो हर दिन कड़ी मेहनत के साथ सीजन की तैयारी कर रहा है। उज्जैन फाल्कन्स अपने एमपीएल टी20 2026 अभियान की शुरुआत 3 जून को इंदौर के होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीताज के खिलाफ करेगी। टीमः माधव तिवारी, आर्यन पांडे, चंचल राठौर, अधीर प्रताप सिंह, यश दुबे, सोहम पटवर्धन, शुभम कुशवाह, मासूम रज़ा कैफ, ओजस्व यादव, गजेंद्र गोस्वामी, आयुष मानकर, अंकुर सिंह चौहान, ऋषि मिगलानी, हर्षवर्धन हार्डिया, नवीन नागले, विशेष मुद्गल और दर्शन राठौर

# देश के 30 प्रशिक्षकों ने टेटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया

## लेवल-1 टेबल टेनिस कोर्स सफलतापूर्वक सम्पन्न

**इन्दौर।** कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन के तत्वाधान में प्रशिक्षकों के डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित लेवल-1 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सभी 30 प्रतिभागी प्रशिक्षकों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर लेवल-1 कोच की मान्यता प्राप्त की।

अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के कोर्स प्रमुख क्रिश्चियन लीलीरूस (अमेरिका) ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टेबल टेनिस के तकनीकी, व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने ऑन-टेबल प्रशिक्षण के साथ खेल की बारीकियों एवं आधुनिक कोचिंग तकनीकों से भी प्रशिक्षकों को अवगत कराया। शिविर के समापन अवसर पर सफल सभी प्रशिक्षकों को कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षको के साथ में दक्षिण अफ्रीका देश के लसोथे के चबेली इस्माईल ने भी भाग लिया। समापन समारोह मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के पदाधिकारी जयेश आचार्य, प्रमोद गंगराडे, मोहन कुमार तथा नीलेश वेद विशेष रूप से उपस्थित रहे।




**न्यायालय तहसीलदार तहसील ज़ूनी इन्दौर, जिला-इंदौर**

क्रमांक/3040/रीडर/2026 दिनांक-12/05/2026

**-ःउद्घोषणाः-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मितेश पिता वसंतराय मेहता निवासी 18 स्वामी विवेकानंद नगर कनाडिया रोड, इंदौर ने मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि राजस्व ग्राम खजराना स्थित भूमि खसरा क्रमांक1353/54 पर स्थित विकेनंद नगर का भूखंड क्रमांक 18 वसंतराय पिता नन्दलाल मेहता के स्वामित्व एवं आधिपत्य का रहा है। वसंतराय पिता नन्दलाल मेहता द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 09/04/2005 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया था। वसंतराय पिता नन्दलाल मेहता की मृत्यु दिनांक 21/01/2026 को हो जाने से वसीयतनामा प्रभावशील हो गया है। वसीयतनामा प्रभावशील हो जाने से आवेदक द्वारा उनके पक्ष में नामांतरण हेतु निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदित भूमि पर मृतक के वारिसान का नामांतरण किए जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आर.सी.एम.एस.प्रकरण क्रमांक 0185/अ-6/2026-27**

**तहसीलदार**
**तहसील-ज़ूनी इन्दौर**

# रजत ने आरसीबी से जुड़ने के लिए टाल दी थी अपनी शादी



टीम से जुड़ने के बाद फिर बदल दी आरसीबी की तकदीर

**नई दिल्ली।** रजत पाटीदार ने कभी सोचा नहीं होगा कि उनकी किस्मत इस तरह आलिशान करवट लेगी। 2022 की आईपीएल नीलामी में जब उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला था तो वह काफी निराश थे। उन्होंने इस निराशा को खुशी के पलों में तबदील करने के लिए शादी करने की सोची, मई 2022 में उन्होंने अपनी शादी फिक्स कर ली थी, मगर फिर माइक हेसन (उस समय के आरसीबी कोच) का बुलावा उन तक पहुंचता है। रजत पाटीदार को आरसीबी चोटिल विकेट कीपर लवनीत सिसोदिया के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल करना चाहती थी। पहले रजत आरसीबी के इस ऑफर को ठुकराने का सोचते हैं, उन्हें लगता था कि शादी तो कैंसिल करनी पड़ेगी, साथ ही उन्हें पूरा सीजन बेंच ही गर्म करना होगा। मगर परिवार के समझाने पर रजत पाटीदार आरसीबी की टीम के साथ जुड़ते हैं और उसके बाद जो है वो पूरी दुनिया के सामने है।

आरसीबी ने रजत पाटीदार को 2022 में बेंच गर्म नहीं करने दिया। पाटीदार ने आठ मैच खेले और उस सीजन में आरसीबी के सबसे सफल अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक रहे, उन्होंने 333 रन बनाए, जिसमें एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 54 गेंदों पर 112* रन की जबरदस्त पारी भी शामिल है। वह आईपीएल इतिहास में प्लेऑफ में सेंचुरी बनाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बने थे। जब पाटीदार खुद को हमेशा के लिए जमाने के लिए तैयार लग रहे थे, तभी उन्हें एक और झटका लगा। एड़ी की चोट की वजह से वह आईपीएल 2023 से पूरी तरह बाहर हो गए। पूरा सीज़न मिस करना एक बहुत बड़ा झटका था। चोट से उबरने के बाद वह घरेलू क्रिकेट में लौटे और धीरे-धीरे अपना करियर फिर से बनाया। मध्य प्रदेश के लिए एक सफल घरेलू मैच के बाद, उन्होंने 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए अपना वनडे डेब्यू किया, जहां उन्होंने ओपनर के तौर पर 22 रन बनाए। बाद में उन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया। तीन मैचों में, उन्होंने 63 रन बनाए। चोट के बाद आईपीएल में भी उनकी वापसी अच्छी रही थी, 2024 में 15 मैचों में 395 रन बनाए थे। इस दौरान उनकी स्पिनर्स को छक्के मारने की काबिलियत दुनिया ने देखी। यहां से पाटीदार का नाम और उछला। 2025 में उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा, जब आरसीबी का पूरा लीडरशिप ग्रुप बदल रहा था। फाफ डु प्लेसी को टीम ने रिलीज कर दिया था, वहीं विराट कोहली बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते थे।



## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में इंदौर का उम्दा प्रदर्शन

**इंदौर।** रीवा में आयोजित 54वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में इंदौर जिले के तैराकों ने पहले दो दिनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों एवं स्पर्धाओं में शानदार समय दर्ज करते हुए इंदौर का गौरव बढ़ाया। कई तैराकों ने एक से अधिक पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

स्वर्ण पदक विजेता आदित्य तिवारी, श्लोक गुरेजा, समृद्धि भंडारी, आस्था गोसाई, आदित्य तिवारी, इंदौर टीम, श्लोक गुरेजा, आदित्य तिवारी, आस्था गोसाई, प्रियमवद सिंह राठौड़, भावेश चौधरी, कनीष्क सुरेका ने जीते। रजत पदक अद्वैत पागे, समृद्धि भंडारी, प्रिंस टोके, कृष्णा श्रीवास, आस्था गोसाई, प्रियमवद सिंह राठौड़, मैत्री टोंडे, आस्था गोसाई, आदित्य अभिजीत चोलकर, इंदौर टीम 4 गुणा 100 मी. फ्री स्टाइल मिक्स्ड ग्रुप-बी, इंदौर टीम 4 गुणा100 मी. फ्री स्टाइल मिक्स्ड सीनियर, इंदौर टीम चार गुणा 100 मी. मीटले रिले मिक्स्ड ग्रुप-बी, कृष्णा श्रीवास, युथिका सिंह ने जीता। सीनियर महिला वर्ग में आस्था गोसाई, निकुंज आर्य, कनक करवारे, कनीष्क सुरेका, आदित्य अभिजीत चोलकर, मानस्विनी थट्टे, आस्था गोसाई, आदित्य तिवारी, प्रियमवद सिंह राठौड़, मानस्विनी थट्टे ने रजत जीते। कांस्य पदक हर्ष डावर, जलज कसबे, आदित्य अभिजीत चोलकर, समृद्धि भंडारी, समृद्धि भंडारी, मैत्री टोंडे, प्रियमवद सिंह राठौड़, कनक करवारे, अनय द्विवेदी, मानस्विनी थट्टे, मैत्री टोंडे ने जीते।

प्रतियोगिता के शेष मुकाबलों में भी इंदौर के खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

## न्यूज इन बॉक्स

### विक्रम स्पोर्ट्स ने जीती राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

**इंदौर।** संतोष क्लब बड़गावा जिला उज्जैन द्वारा आयोजित स्टेट लेवल कबड्डी टूर्नामेंट मे रिकॉर्ड बनाते हुए लगातार 15 वीं बार फाइनल मे प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला इंदौर जिला टीम से हुआ फाइनल मुकाबला बहुत ही कश्मकश रहा जिसमे इंदौर जिला टीम विजेता रही । विजेता टीम को क्षेत्रीय विधायक श्री पंड्या द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विक्रम स्पोर्ट्स क्लब जनवरी से अभी तक लगभग 15 राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के फाइनल में खेली जिसमें 11 बार विजेता रही और चार बार उपविजेता। टीम की इस उपलब्धि पर संस्था के राजू चौहान, हरीश डागुर, परमजीत सिंह पम्मी, राजू गौतम, मन्नालाल बिंदोरिया, अशोक मिश्रा, सुनील ठाकुर, भागीरथ जरिया, लक्ष्मण गीते, राजेंद्र काशिद और विक्रम सालुंके द्वारा बधाई दी गई।

### इस माह आयोजित होगा मालवा खेल अवार्ड

**इंदौर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवा खेल अवार्ड का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मालवा कला अकादमी का यह लगातार 26वां अवार्ड वितरण समारोह होगा। यह अवार्ड जून माह के अंत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के सितारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि यह अवार्ड प्रदेश के सभी खेलों के 11 खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएगे। पूर्व में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को यह अवार्ड मिल चुके है और अवार्ड प्राप्त खिलाडी अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर चमक रहे है।

## आतिशबाजी के साथ वाईपीएल का समापन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन समाज के युवाओं को संगठित करने के लिए दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन टर्फ पर आयोजित किया गया। आयोजन के प्रमुख व जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महावीर जैन ने बताया कि चार दिवसीय निःशुल्क टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा समाज स्तर पर तीसरी बार आयोजित की गई। स्पर्धा में लीग मैच के साथ सेमीफाइल व फाइनल मुकाबलों के साथ मैत्री मैच मीडिया वसेंस प्रशासन, दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के साथ दिगंबर जैन युवा प्रकोष्ठ एवं दिगंबर जैन सामाजिक संसद महिला प्रकोष्ठ के बहुत ही रोमांचक मैच कराए गए। जिनालय स्तर पर युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से मंदिर क्षेत्रों से जुड़ी सभी 48 टीमों ने भाग लिया। युवाओं को जैन समाज की संस्कृति और सभ्यता से चिर परिचित कराया गया और सभी खिलाड़ियों को आहार विहार व निहार के लिए युवाओं को शपथ दिलाई गई। क़ई राजनेताओं, मीडिया कर्मियों और बडी संख्या में जैन समाजजनों ने शिरकत की। खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। भोजन भी आयोजन पर समाप्त हुआ। फायनल में बडी स्क्रीन लगाई गई। कुल मिलाकर बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजनों को यह क्रिकेट मैच का आयोजन रास आया। एम्पायर और स्कोलर, कामेंटेटर का सम्मान किया गया। सर्राफा जैन योद्धा ने फाइनल जीता।

## जबलपुर रॉयल लायंस ने किया संतुलित टीम का ऐलान



**इंदौर ।** जबलपुर रॉयल लायंस ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी पुनीत दाते के साथ-साथ अजय रोहेरा और मिहिर हिरवानी जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं।

इकोनेक्सिस स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली जबलपुर रॉयल लायंस के आयुष लालवानी ने टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि, इस सीजन हम निडर सोच के साथ मैदान पर उतरेंगे, क्योंकि हमने अनुभवी खिलाड़ियों और खुद को साबित करने के लिए तैयार युवा प्रतिभाओं का बेहतरीन मिश्रण तैयार किया है। शुरुआत से ही टीम के भीतर सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली है और खिलाड़ी इस सीजन आक्रामक एवं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

जबलपुर रॉयल लायंस अपने अभियान की शुरुआत 6 जून को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जाने वाले दिन के दूसरे मुकाबले में इंदौर पिंक पैंथर्स के खिलाफ करेगी। मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 का नया सत्र 3 जून से शुरू होने जा रहा है। पुरुष वर्ग के उद्घाटन मुकाबले में ग्वालियर चीताज का सामना उज्जैन फाल्कन्स से होगा। एमपीएल 2026 अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा, जिसमें विस्तारित प्रारूप के तहत पुरुष वर्ग में 10 टीमें और महिला वर्ग में पांच फ्रेंचाइज़ी हिस्सा लेंगी। टीमः आयाम सरदाना, अभिषेक भंडारी, अजय रोहेरा, आकर्ष सिंह परिहार, अक्षत द्विवेदी, अक्षय शर्मा, अर्पित गौड़, मिहिर हिरवानी, नयन राज मेवाड़ा, पंकज पटेल, प्रिंस वाधवानी, पुनीत दाते, राहुल बाथम, रितिक ताड़ा, रित्विक दीवान, संजोग निज्जर और वेदांत अवस्थी।

## शीर्ष खिलाड़ी सबालेंका क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** वर्ल्ड नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हरा दिया। पेरिस में टॉप सीड सबालेंका ने जापान की ओसाका को 1 घंटे 27 मिनट चले मैच में 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वे खिताब की मजबूत दावेदार बन गईं। पिछले 3 साल में पहली बार फ्रेंच ओपन में कोई विमेंस मैच खेला गया। इसे देखने बड़ी संख्या में फैंस आए। पहले सेट में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने सबालेंका की सर्विस का अच्छा जवाब दिया। दोनों 5-5 की बराबरी पर थीं, लेकिन सबालेंका ने ओसाका की सर्विस ब्रेक कर पहला सेट 7-5 से जीत लिया। पहले सेट की मानसिक बढ़त का फायदा सबालेंका को दूसरे सेट में मिला। उन्होंने शुरुआत से ही ओसाका पर दबाव बनाए रखा। ओसाका ने वापसी की कोशिश की, लेकिन बेलारूस की सबालेंका ने दमदार ग्राउंड स्ट्रोक्स के दम पर दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

# मां ने डांटा तो नाबालिग ने खेत पर जाकर खाया जहर, मौत

## राहगिरों ने दी परिजन को सूचना कहा तुम्हारी बेटी तड़प रही है, परिजन कुछ और समझकर ले गए झाड़-फूंक करवाने

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बड़गोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम चोरल में एक 17 वर्षीय किशोरी ने मां द्वारा काम बताने और छोटी बहन से बहस के बाद उपजे मामूली गुस्से में आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। किशोरी गुस्से में अपने साथ जहर की पुड़िया लेकर बकरियां चराने गई थी, जहां उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

घटना ग्राम चोरल की है। मृतका का नाम संगीता पिता भारत (17) निवासी ग्राम चोरल है। बताया जा रहा है कि घटना के दिन संगीता अपनी मां के साथ जंगल से लकड़ियां बीनकर घर लौटी थी। जब वे घर पहुंचे, तो संगीता की छोटी बहन रसोई में परिवार के लिए रोटी बना रही थी। इसी दौरान मां ने संगीता से कहा कि वह बकरियों को बाहर चराने के लिए ले जाए।

मां की बात सुनकर संगीता ने बकरियां चराने जाने से मना कर दिया और मां से कहा कि वह उसकी जगह छोटी बहन को भेज दे। इस पर मां ने संगीता को टोकते हुए कहा किवह अभी रसोई में रोटी बना रही है, इसलिए तुम्हीं को जाना पड़ेगा।मां की यह डांट और छोटी बहन को काम न बताने की बात संगीता को इतनी नागवार गुजरी कि वह गुस्से से आगबबूला हो गई। वह घर में रखी जहरीले पदार्थ की पुड़िया चुपचाप अपने साथ लेकर बकरियां चराने के लिए निकल गई। घर से कुछ दूर खेत में बकरियां चराने के दौरान संगीता ने गुस्से और आवेश में आकर उस जहर का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी, तो आसपास के लोगों और परिजनों को इसकी भनक लगी। परिजन आनन-फानन में संगीता को गंभीर हालत में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी संगीता को बचाया नहीं जा सका और उसने दम तोड़ दिया। इधर जब परिजनों को संगीता के बेसुध होने की खबर मिली तो वे पहले कुछ और समझे और उसे झाड़-फूंक के लिए ले गए जहां बात नहीं बनी तो डाक्टर के पास पहुंचे।

# बिना तलाक के तीसरा निकाह...पत्नी को पीटा

## निकाह की जानकारी मिली तो पहुंचे परिजन भी पिटाए

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खजराना थाना क्षेत्र में बिना तलाक दिए निकाह करने का मामला सामने आया है। इस मामले में जब आरोपी से महिला और उनके परिजनों ने बात की तो उसने मारपीट की जिसके बाद मामला थाना पहुंचा जहां शिकायत दर्ज की गई।

मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया ने पति साजिद पठान निवासी मल्हार पल्टन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि उनके पहले पति का बीमारी के चलते निधन हो गया था, उनकी एक बेटी भी है, जिसके बाद परिजनों ने साजिद पठान से दूसरा निकाह करवाया। दोनों वर्ष 2024 से अच्छे से रह रहे थे, कुछ समय पहले साजिद ने विवाद करना शुरू किया और कहा कि तुम्हारी बेटी को मैं नहीं रखूंगा। जिसके बाद साजिद और फरियादिया अलग-अलग रहने लगे। फ़रियादिया ने पुलिस को बताया कि कल रात उन्हें सूचना मिली कि साजिद हबीब कालोनी निवासी एक युवती से निकाह कर रहा है तो वह परिजनों के साथ उसे समझाने पहुंची और उसे कहा कि बिना तलाक के तुम निकाह कैसे कर सकते हो, इस पर साजिद ने फरियादिया और परिजन मोहम्मद नजर, अमजद अली और इसरार के साथ मारपीट की। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक साजिद पिता सलीम पठान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।



### तीन निकाह...अलग-अलग पता

*बताया जा रहा है कि साजिद पठान अब तक कुल तीन निकाह कर चुका है। पहले निकाह में उनका पता नई बांगड रानीपुरा है। हालांकि पहली पत्नी से उसका तलाक हो चुका है। वहीं दूसरा निकाह फरियादिया से किया है। इस दौरान उसका पता कोयला बाखल था। वहीं कल रात जो उसने अवैधानिक तीसरा निकाह किया उसमें उसका पता सम्राट नगर खजराना लिखा है।*

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद ज्यादती

## कोटा की युवती को शादी का झांसा देकर इंदौर और मनाली में किया बलात्कार

**इन्दौर।** तिलक नगर पुलिस ने राजस्थान के कोटा की रहने वाली एक युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने पहले सोशल मीडिया के जरिए युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर अलग-अलग स्थानों पर उसके साथ गलत काम किया।

पीड़िता के मुताबिक, करीब पांच महीने पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती रुद्राक्ष से हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और लगातार कॉल व चैट कर उसे शादी का भरोसा देने लगा। आरोपी के बुलावे पर जब युवती इंदौर आई, तो उसने पिपलियापाला स्थित एक होटल में ठहराकर उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे ट्रेन से मनाली घूमाने ले गया, जहाँ उसने कई बार युवती की अस्मत लूटी। मनाली के बाद दोनों केदारनाथ भी गए। यात्रा से लौटने के बाद जब पीड़िता ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। तिलक नगर पुलिस ने जीरो पर कायमी कर मामले की जांच और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक डिवाइडर में घुसी युवक की मौत, भाई घायल

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर जा रहे दो भाई डिवाइडर में घुस गए जिसमें एक की मौत हो गई। और दूसरा घायल हो गया।

मृतक का नाम दाऊद पठान (40) निवासी जयपुर हाल मुकाम चंदन नगर है। फरियादी जोएब पठान ने पुलिस को बताया कि वह भाई दाऊद के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। गाड़ी दौड़ चल रहा था। धार रोड स्थित स्कूल के सामने पहुंचे तभी उसका संतुलन बिगड़ गया जिससे हम दोनों डिवाइडर से घुस गए। दोनों घायलों को लोगों ने अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दाऊद को मृत घोषित किया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो को मारी टक्कर, पहिया चढ़ने से चालक की मौत

**इन्दौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रोड ब्रिज सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने एक ऑटो चालक की जान ले ली। पुलिस ने दुर्घटनाकारित लाल रंग के ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा गत 24 मई का है। बामन टेकरी तिल्लोर खुर्द के रहने वाले संतोष पिता रतनलाल खेड़ेकर (48) अपने ऑटो रिक्शा नंबर एमपी 09 डीएफ 6827 से जा रहे थे। इसी दौरान मिर्जापुर रोड पर सामने से आ रहे एक लाल रंग के ट्रैक्टर के चालक ने वाहन को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा पीछे की तरफ घूम गया और उसका संतुलन बिगड़ गया। इस जोरदार झटके के कारण ऑटो चालक संतोष छिटककर सड़क पर गिर गए। इसी बीच अनियंत्रित ट्रैक्टर का पिछला भारी पहिया संतोष के सिर पर से कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल संतोष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में धार के युवक की मौत

**इन्दौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र में बाईपास मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसा कनाडिया थाना इलाके में बाईपास रोड पर हुआ। मृतक की पहचान रूमाल पिता नरसिंह (30)निवासी बनखेड़ा, जिला धार के रूप में हुई है। रूमाल किसी काम से इंदौर आया हुआ था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।उसे घायल हालात में अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

# लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर तारों में लगी आग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर कल शाम को बिजली के तारों में आग लग गई। हालांकि दमकल को इसकी सूचना नहीं दी गई। कुछ देर बाद क्षेत्रीय रहवासियों ने आग पर काबू पा लिया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।